श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 218, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 04 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'शिक्षण संस्थानों को भविष्य के अनुकूल बनाने की जरूरत'

### एक नए शिक्षण-अधिगम मैट्रिक्स, शिक्षाशास्त्र और सामग्री की आवश्यकता होगी जो भविष्योन्मुखी हों: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि शिक्षण संस्थानों को भविष्य के अनुकूल बनाने की जरूरत है। इसके लिए एक नए शिक्षण-अधिगम मैट्रिक्स, शिक्षाशास्त्र और सामग्री की आवश्यकता होगी जो भविष्योन्मुखी हों।

राष्ट्रपति मुर्मू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के हीरक जयंती उत्सव के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों को राष्ट्र का गौरव बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी ने दुनिया को शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की क्षमता साबित की है। आईआईटी देश का गौरव रहे हैं और उनकी कहानी स्वतंत्र भारत की कहानी है। आईआईटी ने आज वैश्विक मंच पर भारत की बेहतर स्थिति में बहुत योगदान दिया है। आईआईटी के फैकल्टी और पूर्व छात्रों ने दुनिया को हमारी बौद्धिक शक्ति दिखाई है। आईआईटी दिल्ली और अन्य आईआईटी के पूर्व छात्र अब दुनिया में व्यापक डिजिटल क्रांति में सबसे आगे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम भविष्य



की अनिश्चितताओं से खुद को बचाने के लिए कदम उठाते हैं, तो हम समृद्ध जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त कर सकते हैं। हमें अपने संस्थानों को भविष्य के अनुकूल बनाने की जरूरत है। इसके लिए एक नए शिक्षण-अधिगम मैट्रिक्स, शिक्षाशास्त्र और सामग्री की आवश्यकता होगी जो भविष्योन्मुखी हों। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे प्रसिद्ध आईआईटी के साथ, हम चुनौती का सामना करने के लिए आवश्यक ज्ञान के आधार और सही कौशल के साथ युवा पीढ़ी का पोषण करने में सक्षम होंगे। इस तथ्य की ओर इशारा करते हुए कि जलवायु परिवर्तन एक गंभीर चुनौती है, राष्ट्रपति ने कहा कि एक उच्च जनसंख्या आधार वाले विकासशील देश के रूप में, आर्थिक विकास के लिए हमारी ऊर्जा की आवश्यकता बहुत अधिक है। इसलिए हमें जीवाश्म ईंधन से अक्षय ऊर्जा की ओर शिफ्ट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में, जैसा कि दुनिया उत्सुकता से पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए तकनीकी समाधानों की तलाश कर रही है, उन्हें विश्वास है कि भारत के युवा इंजीनियर और वैज्ञानिक मानव जाति को एक सफलता हासिल करने में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि कोरोना के खिलाफ भारत की लड़ाई में आईआईटी दिल्ली का योगदान एक मॉडल रहा है कि कैसे इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट में भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार, राजकुमार रंजन सिंह और भारत सरकार के प्रमुख बैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश की भाजपा को चुनौती

# '2024 में 50 सीटों पर ही समेट देंगे'

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह जिस एकजुट विपक्ष पर काम कर रहे हैं, वह 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देगा। हम भाजपा को 2024 में 50 सीटों पर ही समेट देंगे। राज्य कार्यकारिणी के बाद अब राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। पार्टी की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने 2020 के विधानसभा चुनावों में जदयू की हार को भाजपा की साजिश बताया और सीटों में आई गिरावट के लिए भी पुराने साथी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने उस बात को फिर से याद किया जब उन्होंने कम सीटों की वजह से दोबारा सीएम बनने के लिए अनिच्छा जताई थी। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि विधानसभा चुनाव के परिणामों ने अविश्वास के बीज बोए और विश्वास का संकट उस वक्त और गहरा गया, जब जदयू के पूर्व अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने भाजपा के साथ मिलकर पार्टी के खिलाफ साजिश रची। नीतीश कुमार ने कहा कि यदि सभी विपक्षी दल एक साथ लड़ते हैं, तो भाजपा को लगभग 50 सीटों पर समेट दिया जाएगा। मैं खुद को उस अभियान के लिए समर्पित कर रहा हूं। नीतीश कुमार अपने इन्हीं राजनीतिक प्रयासों के तहत तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को दिल्ली पहुंचेंगे। लगभग तीन दशकों तक भाजपा के सहयोगी रहे दिग्गज नेता ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगी। हमें पंचायतों के स्तर पर निगरानी रखकर उनके मंसूबों को नाकाम करना होगा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष को एकजुट करने के लिए दिल्ली के दौरे पर जा रहे हैं। वे 5 से 7 सितबंर तक विपक्ष के नेताओं से मिलेंगे। नीतीश कुमार सोनिया गांधी, राहुल गांधी और ओम प्रकाश चौटाला से मिलेंगे।



#### मणिपुर: जदयू के 6 में से 5 विधायक बीजेपी में शामिल

**इंफाल/पटना: पटना** में शनिवार को जदयू की होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। मणिपुर में जदयू के 6 में से 5 विधायकों ने पाला बदल लिया है। सभी भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें केएच जॉयकिशन, एन सनाते, मोहम्मद अछब उद्दीन, पूर्व पुलिस महानिदेशक एएम खाउटे और थांगजाम अरूण कुमार शामिल हैं। मणिपुर विधानसभा सचिवालय ने भी इन विधायकों के भाजपा में शामिल की जानकारी दी है। जदयू ने इस साल मार्च में हुए मणिपुर विधानसभा चुनाव में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, जिसमें से छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। अब वहां सिर्फ एक विधायक ही जदयू में बचा है।

**बिहार को भी जदयू मुक्त करेंगे लालू:** सुशील मोदी बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने इस मामले पर जदयू पर तंज कसा। उन्होंने ट्वीट किया- अरुणाचल के बाद मणिपुर भी जदयू मुक्त। बहुत जल्द लालूजी बिहार को भी जदयू मुक्त कर देंगे। हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में भी जदयू का एक विधायक भाजपा में शामिल हो गया था।

**एनडीए से बाहर होने से नाराज थे सभी विधायक:** बताया जा रहा है कि सभी विधायक एनडीए के जदयू गठबंधन से बाहर आने के फैसले से नाराज थे। ये फैसला नीतीश कुमार के उस ऐलान के बाद किया है, जिसमें उन्होंने मणिपुर में भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की बात कही थी। वहीं, इस पर सियासत भी शुरू हो गई है। एक तरफ जदयू ने इसे असंवैधानिक बताया है। तो दूसरी तरफ भाजपा उन विधायकों का खुले दिल से स्वागत कर रही है।

इधर, राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद नीतीश ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है। देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। 2024 के परिणाम में जनता बताने का काम करेगी। नीतीश ने कहा कि सभी विरोधी दल अगर एकजुट हो जाएंगे तो 2024 का परिणाम कुछ और होगा। वहीं मणिपुर में जेडीयू की टूट पर कहा कि एक नए ढंग का काम किया जा रहा है। कुछ दिन पहले सभी विधायक बिहार आए थे, पता चला था कि सभी को बीजेपी में शामिल करा रहे हैं। क्या यह संवैधानिक काम है, आप बताइए। जदयू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक खत्म हो गई। बैठक 3 घंटे चली। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष भी बैठक में मौजूद थे। बैठक से पहले मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमारे विधायकों को उस वक्त भी तोड़ लिया था, जब हम उनके साथ थे। अब तो हम खिलाफ हैं, तब तोड़ दिया तो क्या बड़ी बात है।

चौधरी ने कहा कि मणिपुर में हमारे विधायक टूटे हैं। लेकिन वहां हमारा वोट बैंक नहीं टूटा।

जनता सब देख रही है। मणिपुर में जो नीतीश कुमार को चाहने वाले लोग हैं उन्हें तोड़ा नहीं जा सकता है। हमलोग अपने तरीके से 2024 के लिए तैयारी करेंगे, वो लोग अपने तरीके से करेंगे। बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद जनता दल यूनाइटेड अपने संगठन पर फोकस कर रही है। इसी को लेकर पटना में प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक आयोजित की गई है।

# ऐतिहासिक होगी महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की हल्लाबोल रैली

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चार सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महंगाई के खिलाफ होने वाली हल्ला बोल रैली ऐतिहासिक होने वाली है। वेणुगोपाल ने शनिवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि इस रैली में देश के कोने-कोने से लोग हिस्सा लेने आ रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस रैली को संबोधित करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि बीते दो वर्षों से कांग्रेस



महंगाई के विरुद्ध संसद से सड़क तक संघर्ष कर रही है। गत पांच अगस्त को महंगाई के विरुद्ध प्रदर्शन करने के दौरान कांग्रेस सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष किया है। कल हल्ला बोल रैली के माध्यम से केन्द्र की सोई हुई सरकार को जगाने की कोशिश की जाएगी।

## बदायूं की मस्जिद पर ज्ञानवापी जैसा दावा

**बदायूं:** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के बाद बदायूं की जामा मस्जिद में नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया गया है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने शुक्रवार को बदायूं सिविल कोर्ट में इसे लेकर याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार भी कर ली है। इस पर सुनवाई 15 सितंबर को होगी। कोर्ट ने जामा मस्जिद इंतजामिया समिति, सुन्नी वक्फ बोर्ड, पुरातत्व विभाग, केंद्र सरकार, यूपी सरकार, बदायूं जिला मजिस्ट्रेट और प्रमुख सचिव को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

# गुजरात में 'लव जिहाद' के खिलाफ प्रदर्शन



**बनासकांठा:** गुजरात में बनासकांठा जिले के डीसा शहर में लव जिहाद के खिलाफ रैली का आयोजन किया गया। रैली में करीब 15 हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। जैसे ही रैली हीरा बाजार पहुंची तो भीड़ बेकाबू हो गई। हालात को नियंत्रित करने में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। तनाव के मद्देनजर पूरे शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**विरोध प्रदर्शन करने की बनाई थी योजना:** बताया जा रहा है कि लाठीचार्ज के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, रैली में आए लोगों की मांग थी कि पुलिस-प्रशासन लव जिहाद के मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई करे। इसी को लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। एक साथ करीब 11 हिंदू संगठनों ने रैली का आयोजन किया था।

**हिंदू लड़की को भगा ले जाने के बाद मां को भी किया कैद:** दरअसल, डीसा तहसील के मालगढ़ गांव में रहने वाले एक शख्स ने बीते सोमवार को जहर खाकर सुसाइड की कोशिश की थी। पीड़ित के भाई ने बताया कि गांव के ही शेख परिवार के सदस्यों ने उसकी भतीजी का ब्रेनवॉश किया था। एजाज नाम के लड़के ने भतीजी को अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसे घर से भगाकर ले गया।

जब लड़की की मां उनके घर पहुंची तो उसे भी कैद कर लिया। इसके बाद उन लोगों ने मां-बेटी को छोड़ने के बदले में 25 लाख रुपए की मांग की। इससे परेशान होकर भाई ने जहर खा लिया। फिलहाल उनका प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

# 'अल्पसंख्यक दर्जा स्टेट नहीं नेशनल लेवल पर हो'

**चंडीगढ़:** पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राज्य आधारित अल्पसंख्यक दर्जे का विरोध जताया है। कैप्टन ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर पर ही होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। कैप्टन ने कहा कि राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक दर्जे से गंभीर सामाजिक और राजनीतिक ही नहीं बल्कि बुरे तकनीकी और कानूनी प्रभाव भी हो सकते हैं। जिससे समाज में विवाद और अशांति पैदा हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट में पंजाब में सिखों के अल्पसंख्यक न होने के लिए पिटीशन दायर की



गई है। जिस पर कैप्टन ने यह बात कही है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 4 दिन पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

कैप्टन ने कहा कि मुझे पता चला कि सुप्रीम कोर्ट पंजाब में सिख अल्पसंख्यक मामलों को गंभीरता से ले रही है।

# रवींद्र जडेजा टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर

**नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय क्रिकेट टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर रहेंगे। एशिया कप से बाहर हो चुके इस अनुभवी खिलाड़ी को दाएं घुटने में चोट लगी है।

अब उनकी एक बड़ी सर्जरी होने की उम्मीद है। ऐसे में वह अनिश्चितकाल के लिए क्रिकेट से दूर हो सकते हैं। माना जा रहा है कि सर्जरी के बाद जडेजा तीन-चार महीनों के लिए बाहर हो सकते हैं। ठीक होने में इससे ज्यादा समय भी लग सकता है।




पाकिस्तान और हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ एशिया कप के पहले दो मैच में टीम को संतुलित करने वाले जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस 33 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी की अनुपस्थिति रोहित शर्मा की टीम के लिए एक बड़ा झटका होगी। जडेजा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में दो ओवर में 11 रन दिए थे। उसके बाद बल्लेबाजी में हार्दिक पांड्या के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की थी।

जडेजा ने 29 गेंद पर महत्वपूर्ण 35 रन बनाए थे और टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। उसके बाद हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट लिए थे। समाचार एजेंसी पीटीआई से बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, "जडेजा के दाहिने घुटने की चोट काफी गंभीर है। उनके घुटने की एक बड़ी सर्जरी होने वाली है और वह अनिश्चित काल के लिए मैदान से बाहर रहेंगे। इस समय अगर कोई एनसीए की मेडिकल टीम के आकलन के अनुसार बात करता है तो वह नहीं बता सकता कि जडेजा कब तक टीम वापसी करेंगे।"

### भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की एक रिसर्च रिपोर्ट में इस बात का दावा किया

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2029 तक दुनिया में तीसरे नंबर पर होगी

**नई दिल्ली:** भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की एक रिसर्च रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 में भारत आर्थिक रूप से दसवें स्थान पर था, 2029 तक भारत सात स्थानों की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। एसबीआई की आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जीडीपी विकास दर चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 13.5% रही। अगर यह गति जारी रहती है तो इस वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था



सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 6.7% से 7.7% तक की वृद्धि दर के अनुमानों पर रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बढ़िया है। जहां पूरी दुनिया में मंदी का खतरा मंडरा रहा है ऐसे में 6% से 6.5% प्रतिशत की विकास दर न्यू नॉर्मल है। हालांकि एसबीआई की इस रिपोर्ट में आईआईपी बास्केट को अपडेट करने की पुरजोर वकालत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार यह 2012 के उत्पादों के आधार पर बना है तो निराशाजनक रूप से पुराना है। एसबीआई की इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में 2014 के बाद से बड़े बदलाव आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दिसंबर 2021 में भी ब्रिटेन को पीछे छोड़कर आगे निकल गई थी।

# चीफ जस्टिस यूयू ललित फास्ट ट्रैक तरीके से निपटा रहे केस

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बीते 4 दिनों में ही 1293 केस का निपटारा किया है। इनमें 440 ट्रांसफर केस हैं। बीते दो दिनों में 106 रेगुलर केसों को निपटाया गया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया यूयू ललित ने यह जानकारी दी। वे बार काउंसिल की ओर से अपने सम्मान में रखे गए कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम रेगुलर केसेज के निपटारे पर अधिक जोर दे रहे हैं। चीफ जस्टिस ने आश्वासन दिया कि



सुप्रीम कोर्ट केस को तेजी से निपटाने की यह प्रैक्टिस जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यभार संभालने से पहले की तुलना में कोर्ट अब बहुत ज्यादा केस लिस्ट कर रहा है।

**49वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली थी:** चीफ जस्टिस यूयू ललित पदभार संभालते ही एक्शन में हैं। दरअसल, उनके पास 74 दिन का कार्यकाल है। ऐसे में वे कम समय में ज्यादा से ज्यादा केस की सुनवाई पूरी करना चाहते हैं। जस्टिस ललित ने शनिवार को भारत के 49वें उखक के रूप में शपथ ली थी। वे 8 नवंबर को रिटायर होंगे।

## खबर संक्षेप

### विक्षिप्त महिला ने तीन बच्चों एवं उनकी मां को जलाने का किया प्रयास

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत छतौना गांव निवासी सुशीला देवी पत्नी स्व. कपिल भारतीया द्वारा मड़हे में तीन बच्चों के साथ सो रही निर्मला देवी पत्नी इंद्रजीत भारतीया को जिंदा जलाने का प्रयास किया। परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार सुशीला देवी की मानसिक स्थिति काफी दिनों से खराब चल रही है। सास प्रेमा देवी ने बताया कि सुशीला हमेशा परिजनों के साथ गाली गलौज मारपीट करती रहती है। शुक्रवार को निर्मला अपने तीन बच्चों के साथ मड़हे में सो रही थी कि सुशीला ने आग लगा दिया देखते ही देखते मड़हा धू धूकर जलने लगा सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाई। निर्मला और उसके तीनों बच्चों को सकुशल बचा लिया गया।

### प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संपन्न

**नैनी।** में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी प्रयागराज के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अल्ताफ अहमद की अगुवाई में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।इस प्रशिक्षण शिविर में संगठन को मजबूत करने, कार्यकारिणी का विस्तार, पार्टी की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा । इस प्रशिक्षण में प्रयागराज जिले के जिला कार्यकारिणी तथा सभी प्रकोष्ठो के जिला अध्यक्षों तथा प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नैनी अरैल मोड़ के नजदीक आम आदमी पार्टी के मुख्य कार्यालय डॉक्टर अल्ताफ अहमद के निवास स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

# मेज पर लेट कर फरियाद सुनती वीडियो कौंधियारा

## समाधान दिवस पर अधिकारियों द्वारा फरियादियों की हो रही उपेक्षा



अखंड भारत संदेश

**करछना।** माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले तहसील संपूर्ण ?समाधान दिवस अब मजाक बनकर रह गया है। बार-बार तहसील दिवस का चक्कर काटने वाले फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्र से आने वाले फरियादीयों में मायूस है। शनिवार को करछना तहसील सभागार में एसडीएम रेनू सिंह, सीओ अजीत सिंह चौहान, तहसीलदार रमेश कुमार पांडे, नायब विनय द्विवेदी की अगुवाई में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 134 शिकायती पत्र आए, लेकिन मौके पर एक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे फरियादियों को निराश ही लौटना पड़ा। समाधान दिवस के अवसर पर सबसे ज्यादा राजस्व से जुड़ी चक मार्ग, नाली, खड़ंजा, की शिकायतें आई, लेकिन राजस्व विभाग व तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो सका।

## समाधान दिवस : पूर्व विधायक एवं कार्ड धारक ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन

**कोरांव।** तहसील दिवस कोराब में कोटेदारों से त्रस्त देवरी,अल्हवा सहित विभिन्न गांवों के कार्ड धारकों ने कोटेदारों द्वारा फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न दिए जाने के विरोध में हंगामा मचाया और एसडीएम को ज्ञापन दिए। साथ ही पूर्व विधायक मेजा कोराव रामकृपाल कोल कांग्रेस नेता के नेतृत्व में बबलू शुक्ला जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज राम नारायण मौर्या,शंकर लाल कोल सहित सैकड़ों कार्यकताओं पिरितों ने दस सूत्रीय मांग पत्र देकर यह चेतावनियां दी कि यदि अगले समाधान दिवस के पूर्व समस्याएं, मांगपत्र की समुचित रूप से नहीं निस्तारित की जाती या कार्यवाही आरोपियों पर नहीं की जाती तो विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। दस सूत्रीय मांग पत्र में अल्हवा सहित कई गांवों के कोटेदारों द्वारा फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न दिया जाना,श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिकों का पुत्री विवाह,मातृत्व शिशु हीत आदि योजनाओं के लाभ श्रमिक नहीं है अपात्र आदि कारण दिखाकर निरस्त कर लाभ से वंचित किया जाना। थाना कोरांव में दर्ज क्राइम नंबर 412/2021 के अभियुक्तों की अभी तक गिरफ्तारी न किया जाना,पुलिस उत्पीरण आवंटियों के साथ अन्यआदि कई मुद्दों पर कार्यवाही किए जाने आदि प्रकरण मांग पत्र में शामिल रहे। तहसील दिवस कोरांव में कई गांवों के राशन कार्ड धारकों ने भी अपनी अपनी शिकायतें सुनाई,प्रार्थना पत्र दिए। इसी तरह विभिन्न समस्या लेकर आए फरियादियों की शिकायतें एसडीएम तहसीलदार आदि ने सुनीं। और निस्तारण के निर्देश दिए। पूर्व विधायक ने कहा कि लोगों के साथ पुलिस से ले कर कई विभाग के अधिकारी जनता का उत्पीरन,शोषण कर रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एसडीएम कोरांव योगेंद्र सिंह ने कहा जांच के पश्चात जो भी दोषी होगा उसे दंडित किया जायेगा। हंगामे और प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेता कार्यकर्ता कई गांवों से आए कार्ड धारक आश्वाशन पर वापिस चले गए। खंड विकास अधिकारी कोराव मुकेश कुमार सिंह,आपूर्ति अधिकारी कोराव संजय विश्वकर्मा ने तीन सितंबर को सचिवालय भवन अल्हवा पर जाकर कार्ड धारकों के बयान लिए और कोटेदार का गोदाम चेक किया। सैकड़ों की संख्या में बीडीओ को कार्ड धारकों ग्रामीणों ने कोटेदार के विरुद्ध हेराफेरी मनमानी की शिकायत किए।



### बारा में आई शिकायतें 166,निस्तारण शून्य

**बारा।** शनिवार को बारा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस से फरियादी मायूस होकर लौटे। राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व पुलिस से सम्बंधित कुल 166 शिकायतें आई। निस्तारण के नाम पर एक भी शिकायत निस्तारित नही हुई। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बारा शुभम सिंह व पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने किया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।समस्याओं का समाधान न होने पर फरियादियों के चेहरे पर मायूसी देखने को मिली।

# क्षेत्रीय खेलकूद से पारंगत होते हैं युवा : प्रवीण पटेल

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद के आयोजन से युवाओं में निखार आकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है तथा परंपरागत खेलकूद के क्षेत्र में पारंगत होकर नई ऊंचाइयों को छू लेने में सक्षम होते हैं। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सहसों क्षेत्र के जगबंधनपुर गांव के बाग में शुक्रवार को खेलकूद के आयोजन में कही। खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं प्रमुख सहसों गीता सिंह ने फीता काट कर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में एकडला की टीम ने जगबंधन पुर की टीम को परास्त करते हुए विजेता बनी। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता में कनौजा खुर्द की टीम देवनहरी की टीम को परास्त करते हुए विजेता बनी। जैवलिन थ्रो में सुमित यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा इसी तरह 100 मीटर की दौड़ में हिमांशु प्रथम, मिथिलेश यादव द्वितीय तथा शिवम यादव तृतीय रहे। 200 मीटर की दौड़ में सुमित प्रथम, मिथिलेश द्वितीय, मोहम्मद सोहेल तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ में रमन प्रताप प्रथम, कृष्ण कुमार द्वितीय तथा मनीष तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर की दौड़ में अनिल प्रथम, सोनू द्वितीय तथा राजकुमार तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर की दौड़ में आशीष प्रथम,अमित द्वितीय तथा मुकेश तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने एक एक खिलाड़ी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किए। खेल के समाप्ति पर विजेता, उपविजेता टीम को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में जिला युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार सिंह व राहुल कुमार मौर्य, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, कमलेश कुमार, अखिलेश प्रताप सिंह, संजय कुमार, सुनील कुमार , विजय बहादुर आदि लोगों ने उपस्थित होकर आयोजन में सहयोग किया।

### मंत्री समूह व प्रमुख सचिव के आदेश भी पंचायत विभाग में दर किनार

### अधिकारी नही दे रहे ध्यान वरिष्ठ ग्राम ग्राम पंचायत अधिकारियों में आक्रोश

**सोरांव।** जानकारी के अनुसार विगत 25 अगस्त 2022 को प्रभारी मंत्री पंचायती राज विभाग समूह द्वारा जारी पत्र के पत्रांक संख्या 4348 में यह दिशा निर्देश दिया गया कि सभी विकास खंडों में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर उन्ही ग्राम पंचायत अधिकारियों का चयन हो जो सबसे ज्यादा वरिष्ठ हों,और उन्ही को वित्तीय और प्रशासनिक जिम्मेदारी दी जाए। उसी क्रम में विकास खंड हंडिया के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश मिश्रा के स्थान पर प्रभारी एडीओ पंचायत अखिलेश कुमार यादव को वरिष्ठ क्रम का पालन करते हुए और प्रभारी मंत्री के आदेशों का पालन करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने पदासीन करते हुए जिम्मेदारी से पालन करने का आदेश भी दिए। लेकिन अभी भी उत्तर प्रदेश के बहुत से विकास खंडों में अपनी राजनीतिक पहुंच से कनिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर बने हुए है। उसी बात को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारियों ने प्रत्येक विकास खंड में समाचार पत्र के माध्यम से मंत्री समूह और प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के आदेश का पालन कराने की मांग की है। लेकिन आदेश के इतना दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक बहुतायत ब्लॉकों में जुआड़ या फिर राजनीतिक पकड़ बनाकर कनिष्ठ सचिव प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायतों) के पद पर बैठे हुए है।



## ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम रोजगार सेवकों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**करछना।** विकास खड के समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने विकास खड परिसर में शनिवार को प्रदर्शन किया तथा निर्णय लिया कि सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है जिसको लेकर शासन स्तर से समस्याएं समाधान ना होने पर प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को विकास खंड कार्यालय परिसर में 10 सूत्री मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में प्रमुख मांगों में ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य दिया जाए तथा कोविड-19 मृत्यु होने पर व आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित को सेवा समायोजित किया जाए एवं राज वित्त केंद्रीय वित्त एवं निधियों में श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान मनरेगा से किया जाए एवं ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए सहित 10 मांगे ज्ञापन में शामिल नहीं प्रदर्शन में मुख्य रूप से ज्ञापन देने वाले मोहम्मद अयूब नीलम सिंह महेंद्र कुमार यादव, सचिन कुमार यादव ,कृष्णा कांत, गिरधारी लाल ,बालमुकुंद विश्वकर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, देशराज भारती, राहुल कुमार कुशवाहा, मनोरंज द्विवेदी, शिवानंद मिश्रा, विजय ,सुमन ,रमाशंकर यादव, आदि समस्त रोजगार सेवक मौजूद रहे।



## सौभाग्य विद्युतीकरण योजना धड़ाम!

## बांस बल्लियों के सहारे गांवो में जल रही बिजली

**रत्योरा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सौभाग्य विद्युतीकरण योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कोरांव तहसील क्षेत्र के कई ऐसे गांव व मजरे हैं जहां आज भी लोग बांस बल्लियों के सहारे ही बिजली जला रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक सभी गरीबों को पक्का घर एवं प्रत्येक मजरों में बिजली पहुंचाने का वादा किया था जो कोरा साबित हो रहा है। कोराओं ड्रमंडगंज मुख्य मार्ग पर बसे मिश्रपुर गांव के लोग आज भी बांस बल्लियों के सहारे ही बिजली जला रहे हैं। मुख्य मार्ग के किनारे लगभग 500 मीटर दूरी तक बांस बल्लियों के सहारे ही बिजली के तारों का जाल बिछा हुआ है। जर्जर तारों को टूटकर गिरने से कभी भी मुख्य मार्ग पर बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से भी विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया किंतु बेपरवाह व निरंकुश बिजली विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगे। गांव के बिजली उपभोक्ता अनुज मिश्र, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोपाल जी वर्मा, अमरजीत वर्मा, श्यामकली हरिजन, चंद्रिका प्रसाद मिश्र समेत कई उपभोक्ताओं ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बिजली विभाग के अधिकारियों से लिखित शिकायत की गई किंतु विभाग ने बांस बल्लियों के सहारे जल रही बिजली को दुरुस्त कराने की जहमत नहीं उठाई। जिससे लगातार खुले में दौड़ रहे तार मौत को दावत दे रहे हैं। इसी प्रकार कोरांव कोहड़ारघाट मुख्य मार्ग पर बसे बदौआ कला गांव में मुख्य सड़क पर ही जिस खंभे में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। वह खंभा पूरी तरह से लचक चुका है। कब गिर जाएगा इसका कोई अंदाजा नहीं है। इसके साथ कई अन्य पोल भी जमीन की तरफ लटक रहे हैं। शिकायत के बाद भी विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा हुआ है। कभी भी जमीन की तरफ लटक रहे खंभों के गिरने से अनहोनी व बड़े हादसे हो सकते हैं। बदौआ गांव के अवध नारायण सिंह पटेल, लाल बहादुर कोल सीताराम कोल आदि ने बताया कि काफी दिनों से खंभे लटक रहे हैं। जिसकी शिकायत की गई बावजूद अभी तक विभाग द्वारा दुरुस्तीकरण का कार्य नहीं कराया गया। इस संदर्भ में एसडीओ विद्युत अमित कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कर आऊंगा उसमें कनेक्शनधारी है या अवैध लोग तार खींचकर बिजली जला रहे हैं। जांचोपरांत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी इसी प्रकार बदौआ कला में लटक रहे खंभों के बाबत उन्होंने कहा कि कल ही उसको ठीक करा दिया जाएगा।

### सौभाग्य विद्युतीकरण योजना के बीच लिए गए ट्रांसफार्मर

सौभाग्य विद्युतीकरण योजना इस कदर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी कि ठेकेदार व संबंधित विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से योजना के तहत स्वीकृत ट्रांसफार्मर भी बेंच लिए गए हैं। मामला क्षेत्र के बरनपुर गांव का है जहां सौभाग्य विद्युतीकरण योजना के तहत कुल 4 ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुए थे लेकिन दो ट्रांसफार्मर नहीं लगाए गये।आरोप है कि 2 ट्रांसफार्मर तो गांव में लगाए गए किंतु दो ट्रांसफार्मर कहां चले गए इसका कुछ अता पता ही नहीं है। ग्रामीणों में जांच कर स्वीकृत ट्रांसफार्मरों को लगवाए जाने की मांग की है।

# बीडीओ ने गांव में निर्माणाधीन शौचालयों की जानी हकीकत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खड के अंतर्गत बड़े पैमाने पर गांवों में शौचालयों का निर्माण सरकार की मंशा के अनुरूप कराया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता एवं कार्य की प्रगति जानने के लिए खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने शुक्रवार को विकास खड के ग्राम पंचायत करछना समेत कई गांवों में जाकर निमार्णाधीन शौचालयों की हकीकत जानी तथा बन रहे शौचालयों को जल्द से जल्द पूरा किए जाने का भी निर्देश दिया सबसे पहले उन्होंने ग्राम पंचायत सदर करछना प्रधान आकृति सिंह एवं प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट अध्यक्ष प्रधान संघ का करछना में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रीति शुक्ला के साथ ग्राम पंचायत में बन रहे 195 सुकृत शौचालयों में जिसमें 15 बनकर कंप्लीट हो गए हैं वही 65 अर्ध निर्मित है इनके लिए दूसरी किस्त की डिमांड की गई है प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह ने बताया कि 65 शौचालय का कार्य अर्ध निर्मित है दूसरी किस्त के लिए डिमांड कर दिया गया है जिसे स्वीकृत होते ही पूर्ण करा लिया जाएगा उन्होंने बताया कि लाभार्थियों के खाते में जैसे दूसरी किस्त का पैसा आ जाएगा तत्काल शौचालयों का निर्माण तेजी से करा दिया जाएगा जांच उपरांत खंड विकास अधिकारी ने लाभार्थियों से शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का भी निर्देश दिया।



ग्राम पंचायत करछना में शौचालयों की हकीकत देखने पहुंचे बीडीओ

### बैंक कर्मियों पर लगाए गंभीर आरोप

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के रत्योरा करपिया गांव के ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा के मकान में ही यूको बैंक शाखा रत्योरा संचालित हो रही है। जिन्होंने भी बैंक कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मकान मालिक शशिकांत कुशवाहा ने बताया कि बैंक पर पूरे दिन दलालों का जमघट लगा रहता है। बैंक उपभोक्ता दलालों से आजिज आ चुके हैं। किसान केसीसी कार्ड बनवाने के लिए बैंक का चक्कर काट रहे हैं, किंतु मनमाने बैंक कर्मियों के दुर्व्यवहार से बैंक ग्राहक व किसान आहत है। ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा ने बताया कि लंच के दौरान बैंक के अंदर ही दलाल व बैंक कर्मी मिलकर शराब पीने का काम करते हैं। विरोध करने पर बैंक कर्मी हो अथवा दलाल झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। बैंक टाइम में ही बैंक कर्मियों के द्वारा इस प्रकार के घिनौने कृत्य किए जा रहे हैं। उन्हें बैंक उपभोक्ताओं के हित से कोई लेना देना नहीं है। बैंक उपभोक्ता अपनी परेशानियों को लेकर बैंक का चक्कर लगा रहे हैं किंतु उनकी सेहत पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। ग्राम प्रधान ने डीएम एवं यूको बैंक के महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मनमाने व भ्रष्ट बैंक कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# यूको बैंक रत्योरा बना दलालों का अड्डा, स्वीपर द्वारा की जाती है वसूली

## अप्रैल माह से ही किसानों के लंबित हैं आवेदन, बैंक गेट पर पूरे दिन लगा रहता है दलालों का जमघट

अखंड भारत संदेश




**रत्योरा।** यूको बैंक शाखा रत्योरा में इस समय दलालों का बोलबाला इस कदर हो गया है कि एक लाख पर दस हजार देंगे तभी किसानों की केसीसी बनेगी अन्यथा बैंक के चक्कर काटते रहिए फाइलें सालों साल लंबित रहेंगी। इतना ही नहीं सीसी लोन हो अथवा किसी भी अन्य प्रकार के कार्य बगैर दलालों से मिले लोगों का कोई भी काम नहीं हो रहा है। बैंक के सक्रिय दलाल पूरे दिन गेट पर जमघट लगाए रहते हैं। जब बैंक से लोग बाहर निकलते हैं तो दलाल पूछते हैं कि काम हुआ कि नहीं, जब वे बताते हैं कि काम नहीं हुआ तब कहते हैं कि 10% कमीशन दो काम तुरंत होगा। राकेश मिश्र पुत्र राम गरीब निवासी रत्योर करपिया ने बताया कि मैं किसान क्रेडिट कार्ड के लिए बीते 21 अप्रैल को ही आवेदन किया है, आज तक मेरी फाइल अधर में ही लटकी हुई है। उन्होंने बताया कि बैंक में जो 10% कमीशन दे रहा है उसकी केसीसी दलालों के माध्यम से तत्काल बन जा रही है। इसी क्रम में सूरज सिंह पुत्र अक्षित नंद निवासी रत्योरा करपिया ने बताया कि मेरे द्वारा भी बीते 22 अप्रैल को ही केसीसी बनवाने के लिए बैंक में आवेदन किया गया है किंतु मेरी भी फाइल अभी तक अधर में ही लटकी हुई है। दोनों आवेदकों ने बताया कि लगातार बैंक कर्मियों एवं बैंक के सक्रिय दलालों के द्वारा पैसे की मांग की जा रही है। किसान राकेश मिश्रा व सूरज सिंह समेत क्षेत्रीय लोगों की बातों पर गौर करें तो बैंक में स्वीपर पद पर कार्यरत वीरेंद्र कुमार कुशवाहा के द्वारा सेटिंग कर लोगों से अवैध वसूली की जाती है। बैंक मैनेजर या अन्य बैंक कर्मी जिस फाइल पर काम करने के लिए स्वीपर वीरेंद्र कुमार कहता है और कमीशन देता है उसी किसान की केसीसी बनती है या अन्य काम होते हैं बाकी सब बैंक के चक्कर लगाकर थक हार रहे हैं। इतना ही नहीं बैंक ग्राहकों व क्षेत्रीय लोगों की बातों पर गौर किया जाय तो उक्त कर्मी के द्वारा खाता खोलने के नाम पर भी पैसा लिया जाता है। जिससे क्षेत्रीय लोगों में असंतोष व्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणेश उत्सव



**करछना।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर के छात्रों ने कक्षा नर्सरी से यू के जी तक के छात्रों ने प्रांगण में गणेश चतुर्दर्शी पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर दर्शकों का मन मोह लिया। श्री गणेश के अनेक रूपों की झाँकियाँ बच्चों ने निकाली। जिसमें सबसे मनमोहक नृत्य श्री गणेशा देवा रहा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शिव परिवार ही प्रांगण में अवतरित हुआ हो। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि वुमेंस वेलफेयर एसोसियसन की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। तदोपरांत श्री लम्बोदर के अनेक रूपों की झाँकियां निकाली गई। झांकियों की सज्जा का कार्य विद्यालय की शिक्षिका सपना शुक्ला, आलमीन, सारिका,पिंकी अपर्णा, कोमल, अनुप्रिया,स्वाति,अंकिता, प्रियंका श्रीवास्तव, सुनीता,सची वर्मा व नन्दनी दास,सलोनी द्वारा किया गया। सभी झांकियों की प्रशंसा प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा,शिक्षक एवं शिक्षिका व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा की गई। कार्यक्रम का समापन श्रीमती कुसुम पाण्डेय द्वारा शिव परिवार की आरती उतार कर किया गया।

### शुआट्स छात्रों द्वारा विधि विधान से पूजे गए गणपति बप्पा



**नैनी।** क्षेत्र के गंगोत्री नगर में इलाके में शुआट्स के छात्रों की ओर से भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा को स्थापित कर विधि विधान से पूजा-अर्चन किया गया। शुक्रवार गणपति पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी एवं सपा नेता बब्बन दुबे ने पूजा-अर्चना की। उनके साथ शुआट्स में पढ़ने वाले तेलंगाना, आंध्र प्रदेश दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूजा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो देर शाम तक चलता रहा।

### सरसेंडी उ.प्रा. विद्यालय में तीसरी बार हुई चोरी




**बारा।** थाना बारा से महज 3 किमी की दूरी पर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसेंडी में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर रसोई का रखा सामान 4भगोना, 250 ग्लास, एक सिलेंडर पर हाथ साफ कर दिया। उक्त विद्यालय में विगत चार माह में चोरी की यह तीसरी घटना है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर कार्यवाई की बात कही। जसरा ब्लॉक के आधा दर्जन विद्यालयों में एक माह में चोरी की कई घटनायें हुई लेकिन कार्यवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। प्रधानाध्यपिका संतोष कुमारी ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।

### अध्यक्ष बने महेंद्र यादव व महामंत्री बने विजय मिश्रा





**करछना।** ब्लॉक परिसर में ग्राम रोजगार सेवक संघ की एक बैठक संघ की ओर आहूत की गई जिसमे सभी करछना विकास खड के ग्राम रोजगार सेवक की उपस्थिति? में सभी की सहमती से करछना ग्राम रोजगार सेवक संघ का पुनर्गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ,उपाध्यक्ष मनोजव द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप ,महामंत्री विजय मिश्रा ,कोषाध्यक्ष हरिशंकर यादव? ,न्याय पंचायत प्रभारी वीरपुर शिवानंद मिश्रा, घोड़ेडीह विमल मिश्रा ,करछना राजेंद्र सिंह ,पनासा मंजीत कुमार बरदहा नीलम, खाई मिथिलेश कुमार, रोकड़ी शीला धरवारा धनंजय सिंह, डीहा रमा शंकर पटेल बसही धर्मवीर आदि पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

### गरीबों के हक अधिकार को लेकर गरजे पूर्व विधायक



**रत्योरा।** शनिवार को तहसील मुख्यालय पर गरीबों के हक अधिकार को लेकर पूर्व विधायक मेजा रामकृपाल कोल ने पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई किए जाने एवं गरीबों को आवंटित पट्टे की जमीनों पर उन्हें शीघ्र कब्जा दखल दिलाए जाने को लेकर एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई। पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई कि थाना कोरांव में इस समय फर्जी मुकदमों में लोगों को जेल भेजा जा रहा है। रात जो लोग घर पर सो रहे हैं उन्हें थाने लाकर सुबह उन पर गांजा लगाकर जेल भेज दिया जा रहा है। शिकायत में लिखा है कि जादीपुर गांव का रहने वाला कमलेश पुत्र विक्रमा अपने घर सो रहा था 12:30 बजे पुलिस पहुंची और उसे थाने उठा ले आई, सुबह गांजा लगाकर जेल भेज दिया। इसी प्रकार आवास लाभार्थियों को आवास मुहैया कराने भूमिहीनों को आवासीय पट्टा देने समेत कई मांगे शामिल रहीं।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी, पांच का चालान




**शंकरगढ़।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शंकरगढ़ पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ थाने के दरोगा अमरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्रभ्रमण के दौरान एक वारंटी दिनेश कुमार उर्फ चुनदारी पुत्र शिवराज आदिवासी को गिरफ्तार किया गया है। दिनेश कुमार क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। दूसरी तरफ शंकरगढ़ पुलिस ने पांच लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह, संतोष कुमार सिंह और दीपक कुमार सिंह ने राजेश तिवारी पुत्र स्व. कामताप्रसाद (निवासी कपारी, शंकरगढ), अभिमान वर्मा पुत्र हेतलाल हरिजन (ग्राम देवरा, शंकरगढ़), राजेंद्र कुमार पुत्र सुरेश कुमार (निवासी वार्ड संख्या छह, शंकरगढ़), छोटू पुत्र शिवप्रसाद (निवासी रुमधाना, बारह) और मोनू सिंह पुत्र रामखेलावन (निवासी रानीगंज पगुआर, शंकरगढ़) का धारा 151, 107, 116 के तहत चालान किया गया है।

### शिविर लगाकर 150 निःशुल्क आंखों का जांच हुआ



**सहसों।** युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसायटी सहसों प्रयागराज के तत्वावधान में शनिवार को सहसों बाईपास पर डॉक्टर रोहित अग्रवाल नेत्र सर्जन डॉ पीके पाल नेत्र रोग विशेषज्ञ की निगरानी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के आंखों की जांच की गई एवं निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ रोहित अग्रवाल नेत्र सर्जन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था द्वारा आयोजित यह शिविर बहुत ही सराहनीय है। लोगों को नेत्र के महत्व के बारे में पता चला और वे जागरूक होकर अधिक से अधिक शिविर में आए अगर आपकी आंखों से धुंधला दिखाई देता है, आंखों में दर्द रहता है, चक्कर आता है तो एक बार अपने आंखों की जांच अवश्य कराएं। संचालन प्रयागराज फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव विपिन केसरवानी ने किया। निःशुल्क नेत्र शिविर में मुख्य रूप से फार्मासिस्ट सविता यादव, साक्षी गौतम प्रजापति, कविता केसरवानी, अभिषेक केशरवानी, परवेज अहमद आदि ने अपना अमूल्य समय निकालकर सहयोग प्रदान किया। नेत्र शिविर के आयोजक युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश केसरवानी ने आए हुए सभी डॉक्टर फार्मासिस्ट बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### किशोरी का युवक ने किया अपहरण, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक नाबालिग किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के ग्राम पितईपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री अपने ननिहाल मऊआइमा के ग्राम गढचम्पा में रहती थी। जिसे रात को एक युवक अपहरण कर ले गया। व्यक्ति का कहना है कि किशोरी घर में रखा पच्चीस हजार रुपये नगदी और सोना चांदी का आभूषण भी ले गयी। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में चन्द्र केश पुत्र राजपत ग्राम बांसी थाना रानीगंज प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

### बेटी को बरामद करने की एसएसपी से लगाई गुहार

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में गायब एक बेटी को खोजने के लिए उसकी माँ दरबदर भटक रही है। रिपोर्ट दर्ज न होने पर लड़की की माँ ने शनिवार को एसएसपी से गुहार लगाई। झूंसी चक हरिहरवन से चार दिन पहले एक लड़की पड़ोस के लड़के साथ कही चली गई है। जब लड़की की माँ ने पड़ोसी लड़के के घर उलाहना देने पहुची तो उल्टा लड़के के परिजनों ने गाली गलौज करते हुए भगा दिया। लड़की की माँ ने झूंसी थाने में लिखित शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज न होने पर लड़की की माँ ने एसएसपी से लिखित शिकायत की।

# शंकरगढ़ में रिफाइनरी बनने की बंधी आस सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार

अखंड भारत संदेश



सर्किट हाउस में बैठक करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज।** कृष्ण की नगरी मथुरा के बाद यूपी में एक और रिफाइनरी खोले जाने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। प्रयागराज के शंकरगढ़ में फाइलों में उलझी रिफाइनरी अब धरातल पर आ सकती है। शनिवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि शंकरगढ़ में रिफाइनरी बनेगी। इसके लिए नए सिरे से प्रस्ताव केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां रिफाइनरी बनने से प्रयागराज ही नहीं, आसपास के जिलों के भी सैकड़ों युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा।सर्किट हाउस में संवाददाताओं से मुखातिब डिप्टी सीएम ने कहा कि शंकरगढ़ रिफाइनरी के लिए कई वर्ष पूर्व दो हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण हो चुका है, लेकिन किन्हीं कारणों से यह प्रोजेक्ट अब तक शुरू नहीं हो सका। इसी वजह से अब इसके निर्माण का नए सिरे से पेट्रोलियम मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। बता दें कि तीन दशक पूर्व ही शंकरगढ़ में रिफाइनरी निर्माण की घोषणा हुई थी। तब पेट्रोलियम मंत्रालय स्व. जनेश्वर मिश्र के ही पास था।प्रयागराज से गहरा लगाव होने की वजह से उन्होंने शंकरगढ़ में रिफाइनरी निर्माण की घोषणा करवाई थी। हालांकि यहां जमीन अधिग्रहण का कार्य डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने केंद्रीय मंत्री होने के दौरान करवाया था। इसके बाद रिफाइनरी प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया। अब डिप्टी सीएम के एलान के बाद उम्मीद बंध गई है कि यहां रिफाइनरी निर्माण के कार्य को मंजूरी मिल सकती है। क्योंकि केंद्र और प्रदेश दोनों ही स्थानों पर भाजपा सरकार है।

**धर्मेंद्र प्रधान के पेट्रोलियम मंत्री होने के दौरान भी केशव ने की थी गुजारिश :**

प्रयागराज में 22 दिसंबर 2016 को केपी कॉलेज ग्राउंड में शहरी गैस वितरण परियोजना के तहत सीएनजी-पीएनजी के शुभारंभ के मौके पर तत्कालीन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रिफाइनरी खोले जाने के लिए अध्ययन करने की बात कही। तब यह मुद्दा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केशव प्रसाद मौर्य ने ही उठाया था। तब उन्होंने कहा था कि यहां रिफाइनरी निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन इसके बाद यहां कोई काम नहीं हुआ। यहां अगर रिफाइनरी लग जाए तो जिले के सैकड़ों नौजवानों को रोजगार मिल जाएगा। केशव की इस अपील पर धर्मेंद्र प्रधान ने हामी भरते हुए अध्ययन करने की बात कही थी।

**फूलपुर को मिलेगा नगर पालिका का दर्जा:**

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रयागराज के फूलपुर को नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा। इसके अलावा सोरांव, बरौत, मांडा खास, करछना, बड़ोखर को नगर पंचायत बनाया जाएगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि उन्होंने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को समय से एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**वाराणसी तक कांवर पथ बनाने की तैयारी :**

केशव के अनुसार प्रयागराज में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए रविवार 11 सितंबर को विभिन्न विभागों के अफसरों के साथ एक अन्य बैठक होगी। इसमें यहां की प्रस्तावित योजनाओं का प्रस्तुतिकरण होगा। उन्होंने कहा कि कि प्रयागराज से काशी तक कांवर पथ का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए अलग से रूट बनाने के लिए सर्वे करने को कहा गया है।

# खेलगांव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ यूके मिश्रा की पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** झलवा स्थित खेलगांव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. यूके मिश्र की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। डॉ. यूके मिश्र परिवार के साथ म्योराबाद में रहते हैं। शनिवार को वह स्कूल में थे और उनकी पत्नी घर पर अकेली थीं। इसी दौरान सूचना मिली की उनकी पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पाकर पुलिस के साथ परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस कई बिंदुओं पर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य ङ्क शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग

अखंड भारत संदेश

**फीस के लिए स्कूल से निकाले गए छात्र प्रतीक ने शुक्रवार को दे दी थी जान, प्रतापगढ़ का रहने वाला छात्र झूंसी में अपने चाचा के यहां रहकर करता था पढ़ाई, परिजनों ने शनिवार को झूंसी थाने में पुलिस से की लिखित शिकायत**




**झूंसी।** मृतक इंटर के छात्र प्रतीक के परिजनों ने शनिवार को झूंसी पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए स्कूल के प्रबंधक व शिक्षक पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। मामले में पुलिस जांच के बाद कार्यवाही की बात कह रही है। प्रतापगढ़ रानीगंज थाने के डिगवट निवासी प्रफुल्ल व प्रतिक पुत्र अनिल कुमार ओझा झूंसी के बधवा ताहिरपुर में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई करते थे। साथ में प्रतीक के चाचा गिरीश चन्द्र ओझा भी रहते है। प्रफुल्ल बीटेक का छात्र है व प्रतीक आवास विकास कालोनी योजना 3 में स्थित एक स्कूल में इंटर का छात्र था। गुरुवार की सुबह प्रफुल्ल खाना खा कर कालेज चला गया। प्रतीक खाना खाने नही आया तो उसके चाचा गिरीश कमरे में उसे बुलाने गए तो देखा की प्रतिक कमरे में लगे पंखे के चुल्ले में फसी लगाकर जान देदी थी। सूचना पर पहुची पुलिस ने प्रतिक के शव को फंदे से उतारकर पीएम कराया। प्रतीक के चाचा गिरीश ने आरोप लगाया था कि प्रतीक की फीस जमा न होने के कारण शिक्षक, प्रबन्धक मिल कर जलील करते थे। हप्ते भर पहले उसे स्कूल से निकाल दिया गया था जिससे वह परेशान था और आत्महत्या कर ली। शनिवार को प्रतीक के बड़े भाई सुधीर ने झूंसी पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक व एक अन्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।



### संदिग्ध हाल में युवक के जांघ में लगी गोली ,हड़कम्प

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के सुजौना ग्राम सभा के पूरे किन्नर गांव में शनिवार की सुबह बाग की ओर गए एक युवक की जांघ में संदिग्ध हाल में गोली लग गई। गोली लगने की सूचना होते ही गांव में हड़कम्प मच गया । परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है । घटना को लेकर अभी तक पुलिस उहापोह में फसी हुई दिखाई दे रही है ।लालापुर थाना क्षेत्र के सुजौना गांव निवासी ब्रह्म दत्त द्विवेदी शनिवार की सुबह अपने बाग स्थित खेत मे काम कर रहा था । इसी बीच उसके जांघ में गोली लग गई । गोली लगते ही ब्रह्मदत्त घायल होकर गिर गया । सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है । घटना के बारे में एसओ लालापुर शेर सिंह यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है पुलिस टीम जांच कर रही है।

# कोटेदार के विरुद्ध जांच आख्या में कमिश्नर प्रयागराज को संदेह

**एसडीएम कोराव से जवाब मांगा, शिकायत कर्ता को सुना की नहीं, मनमानी जांच रिपोर्ट आपूर्ति निरीक्षक के अनुसार आयुक्त को भेज दी गई थी रिपोर्ट**

**कोराव।** मंडलायुक्त कार्यालय प्रयागराज द्वारा उप जिलाधिकारी कार्यालय कोरांव से कोटेदार अल्हवा के विरुद्ध शिकायत कर्ता को सुना बिना कोटेदार को बचाने के चक्कर में तीन बिंदुओं पर जवाब तलब हो गया है। बता दें कि ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव प्रयागराज अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल को कोटेदार अल्हवा के विरुद्ध सार्वजनिक वितरण प्रणाली में घोटाला, घटतौली,मनमानी आदि की शिकायतें की थी जिस पर आपूर्ति निरीक्षक कोराव संजय कुमार विश्वकर्मा ने एसडीएम द्वारा मांगी गई जांच रिपोर्ट में कोटेदार को बचाने के लिए प्रधान और कोटेदार के मध्य राजनैतिक विवाद दिखा दिया और कोटेदार को क्लीन चिट दे दी। जिस आधार पर एसडीएम कोरांव ने आयुक्त प्रयागराज को रिपोर्ट प्रेषित कर दी। किंतु आयुक्त ने उक्त रिपोर्ट को स्वतह संज्ञान में ले कर उप जिलाधिकारी से तीन बिंदुओं पर जवाब मांग लिया। उक्त बिंदु में क्रमशः गांव में कुल कितने कार्ड धारक हैं। कितनों के बयान अंकित किए गए,और शिकायत कर्ता को सुना की नहीं। यह प्रश्न वाचक आख्या पत्रांक 2952 के जरिए आयुक्त प्रयागराज ने अपर आयुक्त प्रशासन प्रयागराज मंडल से मंगवाई है। जिस पर अपर आयुक्त प्रशासन प्रयागराज मंडल प्रयागराज ने एसडीएम कोरांव से रिपोर्ट मांगी है। जिस पर एसडीएम कोराव ने आपूर्ति निरीक्षक कोराव से अपने कार्यालय पत्रांक 315 दिनांकित तीन सितंबर 2022 के द्वारा तत्काल तीनों उक्त बिंदुओं पर आख्या तलब की है। ज्ञात हो कि ग्राम प्रधान अल्हवा ने जब से ग्राम प्रधान पद की शपथ ली है तब से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सरकार की मंशा के विपरित कार्ड धारकों के साथ अन्याय किए जाने खाद्यान्न के घोटाले किए जाने और उन्हें संरक्षण दिए जाने के खिलाफ अभियान छेड़ने का कार्य किया है। साथ ही सरकारी जमीनों से भू माफियाओं के अवैध कब्जे हटाने की मुहिम छेड़ी है। किंतु सक्षम अधिकारी प्रधान का साथ नहीं दे कर भ्रष्ट्राचारियों की ही मदद करते आ रहे हैं। जिससे काफी प्रधान को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। देखना है कि एसडीएम के आदेश पर आपूर्ति निरीक्षक शिकायत कर्ता का बयान और कार्ड धारकों का पुनः बयान के कर एसडीएम के जरिए आयुक्त प्रयागराज को कोटेदार के कारनामों की रिपोर्ट निस्पक्छता पूर्वक भेजते हैं या नहीं। दर असल जितनी शिकायतें की जाती हैं ग्रामीणों द्वारा सभी में आपूर्ति इंस्पेक्टर कोरांव ओर्धन और कोटेदार की राजनैतिक विरोध फर्जी ढंग से दिखा कर कोटेदार की शहायता करता है। उक्त मामले में ग्राम प्रधानों का एक प्रतिनिधि मंडल आयुक्त प्रयागराज से मिल कर आपूर्ति इंस्पेक्टर कोराव के खिलाफ तहसील कोराव में कोटेदारों की हौंसला आफजाई करने ग्राम प्रधानों की शिकायतों की अनदेखी किए जाने आदि मुद्दों पर कार्रवाई की मांग करेगा।

### जहरीला जंतु काटने से युवक की मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के मछहर का पुरवा गांव निवासी मजदूर युवक की मजदूरी करते समय जहरीला जंतु के काटने से इलाज के दौरान मौत हो गई । घटना की जानकारी की परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी धर्मपाल भारतीया 40 वर्ष शुक्रवार को टोंस नदी के पार अन्य मजदूरों के साथ लकड़ी कारोबारी के यहां लकड़ी के कार्य में जुटा हुआ था। उसी दरमियान अचानक किसी जहरीले जंतु ने पैर में डस लिया। परिजनों की ओर से उसे आनन-फानन में झाड़-फूंक के साथ मेजा के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात्रि को मौत हो गई।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक ने गंवाया पैर

**करछना।** क्षेत्र के अंतर्गत पचदेवरा रेलवे क्रॉसिंग के सामने प्रयागराज मिजार्पुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक का पैर टूट गया, जबकि विभिन्न अंगों में भी गंभीर चोट आ गई। क्षेत्र के गधियांव गांव निवासी बजरंगी लाल 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम किशुन शनिवार दोपहर के वक्त मोटरसाइकिल से पचदेवरा की तरफ गया था। जहां से लौटते समय रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा था कि उसी बीच मार्ग से गुजर रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बेकाबू होकर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बजरंगी लाल का दाया पर टूट गया, जबकि विभिन्न अंगों में भी गंभीर चोट आ गई।



## संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रयागराज का रहा जलवा

**नवोदय मेजा में संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न**

**मेजा।** दो दिवसीय संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा प्रयागराज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम 2और 3 सितंबर को आयोजित किया गया। खेल का शुभारंभ संस्था की प्राचार्या श्रीमती सुधा सेठी द्वारा दीप प्रज्वलन कर के किया गया।प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्र - छात्राओं के समग्र विकास में खेलों के योगदान को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। स्वागत गीत 11वीं के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। 9वीं और 10वीं की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी क्लस्टर (बी) के 11 विद्यालयों ने भाग लिया। संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 वर्गों के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने इस खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र झ्र छात्राओं ने समारोह का भरपूर आनंद लिया। सभी प्रतिभागियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के छात्र झ्र छात्राओं का उत्साह भी उनकी तालियों की गूंज से स्पष्ट हो रहा था। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अंडर14 में रोहित - जेएनवी प्रयागराज अंडर - 17 आशीष कुमार राणा जेएनवी अमेठी अंडर - 19 अमन सिंह - जेएनवी प्रयागराज,बालिका वर्ग में अंडर 14 प्रीत मिश्रा - जेएनवी अमेठी अंडर - 17 लक्ष्मी सिंह - जेएनवी कौशाम्बी अंडर - 19 अन्नू कुमारी - जेएनवी प्रयागराज विजेता रहे।कार्यक्रम का समापन 3 सितंबर को हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या के साथ खेल प्रतियोगिता के संयोजक ए.के. सिंह, समस्त शिक्षकगण एवं खेल अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को जहां प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया वहीं सभी मैच अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। श्रीमती सेठी ने अपने संबोधन में खेल के महत्वपूर्ण पहलुओं को छात्र झ्र छात्राओं के साथ साझा किए। उन्होंने सभी बच्चों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में कार्यक्रम के संयोजक ए.के. सिंह ने सभी विद्यालयों से आए हुए छात्र झ्र छात्राओं, खेल अधिकारी एवं शिक्षकगणों को कार्यक्रम को पूर्ण सफल बनाने के लिए जे. एन. वी. प्रयागराज की ओर से धन्यवाद किया। दो दिनों तक चलने वाले इस खेल समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।इस मौके पर बाहर से आए विद्यालयों के खेल शिक्षक व मेजा के समस्त शिक्षक रहे।

# डिप्टी सीएम ने पशु पाली क्लीनिक का किया निरीक्षण

**अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश**





अखंड भारत संदेश

**जसरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने विकास खंड जसरा के कांटी गांव स्थित पशु पाली क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्सा अधिकारी आर पी राय से चर्चा करते हुए शीघ्र चिकित्सालय को शुरू कराने का निर्देश दिया। जिस पर जिला पशु चिकित्साधिकारी ने जल्द ही आवश्यक जरूरतों को पूरा कर अस्पताल का संचालन एक पखवाड़े में शुरू करने का आश्वासन दिया । इस दौरान डिप्टी सीएम ने पशु चिकित्सालय में पशुओं के इलाज के साथ क्या किया जा सकता है इसकी चर्चा करते हुए मथुरा के पशु फामेर्सी कॉलेज का उदाहरण देते हुए उन्होंने अतिरिक्त फामेर्सी कॉलेज जैसा कुछ करने की बात भी कही । 6 करोड़ उनचास लाख के प्रोजेक्ट का निर्माण यू पी आर एन एस कंपनी द्वारा किया गया है। कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य बाबा ओझा ने बताया कि लगभग काम पूरा कर लिया गया है। 15 दिन थोड़ा बचा काम पूरा हो जायेगा । अस्पताल परिसर में डिप्टी सीएम ने पीपल का वृक्ष का रोपण किया। उन्होंने चिकित्सालय के सामने स्थित गौशाला के संबंध में भी प्रधान लालचंद्र से जानकारी लिया। गौशाला की जर्जर भवन और बाउंड्री बनवाने की मांग ग्राम प्रधान कांटी लाल चंद्र ने उनके समक्ष रखी। उप मुख्यमंत्री के साथ सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी,क्षेत्रीय विधायक डा० वाचस्पति ,विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ,सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पाण्डेय जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय,एसपी जमुना पार सौरभ दीक्षित, उपजिलाधिकारी बारा शुभम यादव के साथ ही प्रकाश चन्द्र, प्रभाशंकर ओझा, सुधीर साहू, राजमणि पासवान,इंद्र जीत पटेल, रवि साहू आदि के साथ भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे । इसी तरह अमरेहा गांव के सामने प्रधान राम मनोहर कुशवाहा के साथ बीडीसी सदस्य शीलू शुक्ला,लल्ला पाठक और हंसराज कुशवाहा ने गांव के सामने रोककर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

## महिला सशक्तिकरण के महिलाओं के विकास में लग रहे पंख : केशव




**घूरपुर।** देवरिया गांव में गौशाला का लोकार्पण करने के पश्चात डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लाभार्थियों से जनसंवाद व जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से विकसित करते हुए उनके विकास के पंख लग गए हैं। जो महिलाएं घर के अंदर रहते हुए तमाम झंझावतों को झेल रही थी ,ओ आज आर्थिक रूप से मजबूत होते हुए अपना और अपने परिवार को विकास के पथ पर उन्मुख कर रही है । आगे उन्होंने कहा कि जब से मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार आई है तब से 23 लाख करोड़ रुपया से सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचा है । पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकारों में सरकार से सौ रुपया चलता था तो मात्र पंद्रह रुपये ही लाभार्थी को मिल पाता था । अब वही धन जब सीबीआई और ईडी छापा मारी करके निकाल रही है तो विपक्षियों की नींद उड़ी हुई है । इस बीच डिप्टी सीएम ने कई योजनाओं द्वारा महिला लाभार्थियों को नकदी चेक व प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना की चॉबी सौंपी । आवास की चॉबी सौपते हुए कहा कि झोपड़ी में रहने वाला समाज का अंतिम व्यक्ति कभी सपने में भी नही सोचा रहा होगा कि उसके झोपड़े के स्थान पर कभी छत भी होगा । लेकिन मोदी और योगी की सरकार ने उनके सपनों को साकार करते हुए उनके पक्के घर बना दिये । इसी क्रम में सरकार ने गरीबो के घर मे अपने खर्च से उनके घरों तक बिजली व उनके रसोई में निःशुल्क गैस देने का काम किया । साथ ही छोटे किसानों को दो दो हजार की तीन किस्त वर्ष भर में देकर उनका भी सम्मान बढ़ाया है । कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधायक बारा वाचस्पति,विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल,विधायक गुरु प्रसाद मौर्य,पूर्व विधायक दीपक पटेल , जसरा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह,प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रधान भीटा विपिन कुमार ,सुजावन देव के संरक्षक विनोद गोस्वामी,देवरिया प्रधान महंत राजीव गिरी,जिलाध्यक्ष विभव नाथ सिंह,सचिन श्रीवास्तव ,सुबोध जायसवाल ,सुल्तान अहमद, डीएम संजय कुमार खत्री,एसएसपी शैलेष पांडेय सहित जिले स्तर के दर्जनों अधिकारी मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री से मिले पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी



**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के उत्तर प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा के नेतृत्व में आज पत्रकारों का एक दल उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी से मिला और उनसे महासंघ के प्रतिनिधिमंडल से मिलने एवं पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देने के लिए समय की मांग की जिस पर माननीय उपमुख्यमंत्री ने सहर्ष सहमति जताई भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा जी ने बताया कि आज प्रयागराज जनपद के कांटी स्थित एक समारोह में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सदस्यों का एक दल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी से मिला और उन्हें स्वागत उपरांत बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलना चाहता है और पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक मांग पत्र सौंपना चाहता है इसके लिए उप मुख्यमंत्री जी से समय देने की मांग पत्रकारों ने किया जिस पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी ने सहर्ष सहमति जताई और कहा कि हमारी सरकार आप सबके कल्याण हेतु कार्य के लिए कटिबद्ध है आप जब समय चाहेंगे आपको समय मिल जाएगा और मैं तो आपके बीच का हूं आप मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। श्री ओझा ने बताया कि शीघ्र ही भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें प्रदेश और राष्ट्र के कई पदाधिकारी शामिल रहेंगे, माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी से मिलकर मांग पत्र देगा और पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनसे आग्रह करेगा श्री ओझा ने बताया कि अभी हाल ही में महासंघ की एक मांग पर प्रदेश सरकार ने अपनी सार्थक पहल की है किंतु उसमें जो खामियां हैं उसको दूर करने के लिए प्रदेश सरकार से ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी श्री ओझा ने बताया कि पत्रकारों को पेंशन दिए जाने संबंधी व्यवस्था में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही मिलने की शर्त हटाने के लिए महासंघ पुरजोर पहल करेगा और वह न केवल उपमुख्यमंत्री बल्कि मुख्यमंत्री से भी मिलकर इस संदर्भ में अपनी बात रखेगा शीघ्र ही इसकी रूपरेखा प्रदेश के और राष्ट्र के अन्य पदाधिकारियों को भेजी जाएगी श्री ओझा जी के साथ रूद्र मणि द्विवेदी नागेश कुमार शुक्ल नंद बाबा ओझा राम श्रृंगार शुक्ल प्रतीक शुक्ल सुनील कुमार पाण्डेय सहित कई पत्रकार साथी शामिल रहे

## महेवा में डिप्टी सीएम का हुआ जोरदार स्वागत



**नैनी।** प्रदेश मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी का स्वागत आज युवा मोर्चा यमुनापार के द्वारा दांडी महेवा में सैकड़ो कार्यकर्ता द्वारा किया गया,इस मौके पर यमुनापार जिला अध्यक्ष भाजपा सुधाकर पांडेय, महामंत्री जय व्रत सिंह,शिवा पांडेय कार्यक्रम प्रभारी रवि निषाद जी रहे,उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ,प्रीतम पांडेय,राजकुमार मिश्र,सौरभ सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष विकास पांडेय,मंत्री नरेश सोनकर महेंद्र पटेल ,कार्तिक कुशवाहा,पूर्णेन्दु उपाध्याय मण्डल अध्यक्ष व युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता रहे,इस मौके पर उप मुख्यमंत्री जी ने सभी को सफल कार्यक्रम की बधाई दी और युवा मोर्चा की तरफ से स्मृति चिन्ह की भेंट लिया ।

## जारी ब्यापार मंडल ने डिप्टी सीएम को सौपा ज्ञापन

**जारी।** शनिवार को विकासखंड जसरा के जारी बाजार में अमृत सरोवर , ग्राम पंचायत, ओपन जिम का उद्घाटन करने पहुँचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर जारी ब्यापार मंडल प्रतिनिधि जितेन्द्र बबलू केसरवानी के नेतृत्व में जारी बाजार में सफाई ब्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौपा गया इस मौके पर ,वीरेंद्र जी जायसवाल , शिव प्रसाद केसरवानी राजा राम कौशल , सुनील केसरवानी , पंकज चौरसिया , अजय केसरवानी , विनोद केसरवानी , रोहन केसरवानी , मयंक जायसवाल , शुभम , सतीश गुप्ता , विकास गुप्ता , नीरज श्रीवास्तव समेत अन्य ब्यापारी मौजूद रहे।

# अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ करें अच्छा व्यवहारः डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 342 में आठ शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुना गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 342 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 342 शिकायतों में से 97 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 94, विकास विभाग से 49, समाज कल्याण विभाग से 35, बेसिक शिक्षा विभाग से 04 एवं 63 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों की शिकायतों को सहुलियत देते हुये बिना लाइन के उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण का निर्देश दिया।



समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम डा0 नितिन बंसल।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बन्धित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुये सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि शिकायतों के मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनो पक्षों की पूरी बात को अवश्य सुने क्योंकि शिकायतकताओं/फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का मुख्य लक्ष्य है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चन्द्र त्रिपाठी उपजिलाधिकारी लालगंज सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सीएमओ, पीडी, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चन्द्र त्रिपाठी, तहसीलदार मनोज सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा कर्मियों ने पकड़े दलाल, एक डाक्टर का ड्राइवर निकला

## बोले प्रिंसिपल-दुबारा दिखाई दिए तो जेल भेज दूंगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज प्रशासन द्वारा चलाए गए दलाल सफाई अभियान में शनिवार को सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल में दो संदिग्ध दलाल पकड़ा। जिसमें से एक अस्पताल के ही सर्जन का ड्राइवर निकला। हालांकि प्रिंसिपल ने दुबारा दिखाई देने पर जेल भेजने की सख्त हिदायत देकर दोनो को जाने दिया। कार्रवाई से हड़कंप मचा गया। दलाल भागते नजर आए।

पुरुष और जिला महिला अस्पताल में दलालों का बोलबाला है। मरीजों को बहला फुसलाकर

### मेडिकल कालेज ने छेड़ा दलाल सफाई अभियान

प्राइवेट नर्सिंग होम और जांच केंद्रों पर ले जाना इनका काम है। इससे अस्पताल के साथ साथ इससे मेडिकल कालेज प्रशासन और अधिकारियों की छवि खराब हो रही है। प्रिंसिपल और सीएमएस द्वारा दलालों पर नजर रखने के लिए अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों से कहा गया है। शनिवार को दो लोगों को इमरजेंसी में मरीजों का इर्द गिर्द मंडराते देख गार्डों को शक हुआ। उन्होंने दोनों को बुलाकर पूछताछ की। कोई माकूल जवाब नहीं मिलने पर उन पर दलाली का शक हुआ। उन्हें प्रिंसिपल के सामने लाया गया। पूछताछ में एक ने बताया की वह अस्पताल में तैनात सर्जन का ड्राइवर है। प्रिंसिपल ने दोनों को हिदायत दी है अगर बिना कारण फिर अस्पताल में नजर भी आए तो चैकी पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। प्रिंसिपल डाक्टर आर्य देश दीपक ने बताया है कि सुरक्षा गार्ड दो दलाल किस्म के लोगों को पकड़कर लाए थे। पूछताछ के बाद चेतावनी देकर जाने दिया गया है। डाक्टरों से कहा गया है कि वे अपने पर्सनल कर्मचारी को अस्पताल में न बैठने दें।

## खेत में जानवर जाने के विवाद को लेकर महिला को आरोपी ने पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में जानवर जाने के विवाद को लेकर आरोपी ने एक महिला को घर में घुसकर जमकर मारा पीटा। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के धुई गांव की रहने वाली चमेला देवी पत्नी अमरनाथ शुक्रवार की शाम को जानवर चरते देख उसे भगाने की कोशिश की तो उसके बगल के रहने वाले पड़ोसी ने हाथ में लाठी डंडा लेकर महिला को गाली देते हुए जमकर मारा पीटा। अपनी जान बचाने के लिए महिला घर में भागी तो आरोपी घर में घुसकर महिला को जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# महिला अस्पताल में जमकर मारपीट, कर्मचारी जख्मी

## संविदा कर्मचारियों ने सीएमएस और प्रिंसिपल से शिकायत की

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दलाल कहने पर एक युवक ने शनिवार को महिला अस्पताल के एक संविदा कर्मी को जमकर पीटा है। इससे कर्मी को चोटें आई हैं। मामला सीएमएस और बाद में प्रिंसिपल के पास भी पहुंचा है। जिसमें पुलिसिया कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। घटना से हड़कंप मचा हुआ है। कर्मचारी काम करने को तैयार नहीं हैं।

जानकारी के अनुसार एक युवक जिसे अस्पताल के लोग अच्छी तरह जानते पहचानते हैं, अस्पताल आया था। कार्यदाई संस्था के एक कर्मचारी ने उसे दलाल कह दिया। बस इसी बात पर मारपीट हो गई। युवक कर्मचारी पर भारी पड़ा। उसके सिर में चोट लगी है। मामले की जांच की गई तो गलती कर्मचारी की निकली। उसने जानबूझ कर ऐसा कहा था। इस घटना के बाद संविदा कर्मी लामबंद हो गए। उधर, अस्पताल के नियमित कर्मचारी पीटने वाले युवक की तरफ दिखाई दिए। कर्मचारियों का कहना है कि युवक मरीजों के साथ स्टाफ की मदद निस्वार्थ भाव से करता है। उनके लिए खड़ा रहता है। ऐसे व्यक्ति

### कर्मचारी की गलती बता रहा स्टाफ, पुलिस तक पहुंचा मामला

को दलाल कहना भला ठीक होगा। युवक पूर्व महिला कर्मचारी का पुत्र बताया जाता है। इस बारे में प्रिंसिपल डाक्टर आर्य देश दीपक का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में हैं। जांच पड़ताल कराई जा रही है। पुलिस भी कार्रवाई कर रही है। दबी जुबान से लोग कह रहे हैं कि कार्यदाई संस्था ने जिन लोगों को काम पर रखा है। उनमें अधिकांश का बैंक ग्राउंड नहीं देखा गया है। उनके बारे में गहनता से पड़ताल नहीं की गई।

# कोटे का चयन न होने से ग्रामीणों ने धरना देकर जताया आक्रोश

## आठ किलोमीटर दूर अनाज लाने को विवश है ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गांव में कोटे का चयन न होने से ग्रामीण परेशान है। काफी दूर स्थित गांव के कोटे को अटैच करने से ग्राम सभा से लगभग 8 किलोमीटर दूर अनाज लेने के लिए ग्रामीण जाते हैं। लगभग दो महीने से ग्रामीण परेशान हैं।पट्टी तहसील क्षेत्र के धनगढ़ सराय छिवलहा गांव में दो साल से कोटा निलंबित चल रहा है ।

ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर गांव में कोटे के चयन के लिए सिफारिश किया, लेकिन शासन की तरफ से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पट्टी तहसील में पहुंचे ग्रामीणों ने इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि धनगढ़ सराय छिवलहा गांव में दो साल पहले कोटे को निलंबित होने के कारण उन्हें 8 किलोमीटर दूर रीठी गांव में अटैच कर दिया गया। ग्रामीणों को 8 किलोमीटर दूर आनाज लाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कई ग्रामीण ऐसे हैं जो कि अनाज लेने जाते ही नहीं है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार विभाग को इसकी सूचना दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई शुक्रवार को ब्लॉक कर्मी चयन करने गांव पहुंचे लेकिन ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति के कारण कोटे का चयन नहीं हो सका जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखाई दिया। शनिवार को गांव के रहने वाले जयहिंद प्रताप, फूलचंद, राम सिंह पटेल, सुशील सरोज ,कन्हैया लाल यादव, नंदलाल, राजकुमार, विनोद सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण पट्टी तहसील में स्थित संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचकर के संबंध में गांव में कोटा चयन को लेकर शिकायती पत्र दिया है।



कोटे के चयन के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# एएसपी ने कोतवाली व लीलापुर थाने का हुआ औचक निरीक्षण, नगर में किया पैदल मार्च

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने शुकवार की देर रात नगर की बाजार में भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। एएसपी के निर्देश पर चैक पर विशेष पुलिस पिकेट देर रात तक वाहनों की भी जांच पड़ताल मे मशक्कत करती देखी गयी। इसके बाद एएसपी रोहित लालगंज कोतवाली भी पहुंच गये। यहां एएसपी ने मेस में भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा-परखा।

मेस में साफ सफाई कम देख एएसपी ने वहां मौजूद कर्मचारियों को डांट भी पिलाई। इसके बाद एएसपी ने महिला हेल्प डेस्क में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। महिला हेल्प डेस्क मे दर्ज कई शिकायतों के निस्तारण का पूर्ण ब्यौरा न देख दीवान ज्ञानचन्द्र को भी एएसपी की फटकार झेलनी पड़ी। अपर पुलिस अधीक्षक रोहित ने प्रभारी निरीक्षक के कक्ष में अभिलेखों का भी औचक निरीक्षण किया। थाने मे हुई कुछ गंभीर घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने इन घटनाओं मे वांछित आरोपियो की धरपकड़ के लिए थाने के दरोगाओं की भी नकेल कसी। अपर पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त के पुलिसकर्मियों का चार्ट भी तलब किया। कुछ वीट आरक्षियों व दरोगाओं से मौजूदगी का वेब लोकेशन भी मंगवाया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक अमरनाथ गुप्ता तथा थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने उन्हें वांछित सूचनाएं प्रदान की। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने लीलापुर थाने का भी औचक निरीक्षण किया। एएसपी ने अजगरा महोत्सव में पुलिस की तैनाती की जानकारी लेते हुए वहां सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध बनाये रखने को कहा। लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय ने एएसपी को नवसृजित थाने की पीस कमेटी आदि के बारे में जानकारियां प्रदान की।



लालगंज बाजार में फोर्स के साथ पैदल मार्च करते एएसपी।

# कोर्ट के आदेश पर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जलेसरगंज धारूपुर निवासी रफी के पुत्र छेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसने अपने नातिन साबरीन की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व जलेसरगंज निवासी छोटई के पुत्र समीर के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही दो लाख रुपए ससुरालीजन उसकी नातिन से दहेज की और मांग करने लगे। मांग न पूरी होने पर ससुरालीजन मृतका को शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने लगे। बीते वर्ष 2021 में सात नवंबर को रात में आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने साबरीन की हत्या कर दी। तहरीर मे कहा गया है कि नातिन की मौत पर जब पीडित ने ससुरालीजनों से पूछताछ की तो उन लोगों ने गाली देते हुए घर से भगा दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना लालगंज पुलिस को दी किंतु केस दर्ज नही हुआ। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट से फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर शुक्रवार की रात पुलिस ने पति समीर, ससुर छोटई तथा जेठ सद्दाम व छोटई की पत्नी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। एसओ कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसियों ने युवक को पीटा

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र दिलीपपुर के मरुआन निवासी अरविन्द यादव उर्फ गुड्डू को पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने एकजुट होकर मुन्ना सिंह के घर के पीछे तिराहे पर लाठी-डण्डा से पीटकर जानलेवा हमला किया। अरविन्द का आरोप है कि पड़ोसियों ने उसकी मोटरसाइकिल भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी। अरविन्द का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अरविन्द ने थानाध्यक्ष से प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# रोजगार सेवकों ने मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्राम रोजगार सेवकों ने विभिन्न मांगो को लेकर शनिवार को सीएम को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री से ग्राम रोजगार सेवको तथा मनरेगाकर्मियों के सम्बन्ध मे की गयी घोषणाओं को प्रभावी बनाए जाने की मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह की अगुवाई में सह खण्ड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव को ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया है कि कोविड-19 में अतिरिक्त आकस्मिक सेवाओं के दौरान हुई मृत्यु पर सरकार आश्रितों को सेवा मे समायोजित करे। वहीं मांग की गयी है कि राज्य वित्त, केन्द्र वित्त एवं अन्य निधियों मे श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान मनरेगा से किया जाय। ज्ञापन में ईपीएफ की कटौती की धनराशि कर्मचारियों के यूएनएन खाते मे भेजे जाने तथा रोजगार सेवकों को नियमित करने की मांग उठाई गयी है। इस मौके पर तरूण तिवारी, बब्बन यादव, मनोज रावत, मनोज कुमार, मंजू देवी, संतोष यादव, मो. मोबीन, सलीम, मो. अतीक, अरविंद सरोज तथा अजय वर्मा आदि रहे।

## एमडीपीजी में निरस्त परीक्षाएं 6 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की 4 सितंबर को होने वाली निरस्त परीक्षाएं अब 6 सितंबर को प्रथम पाली में होंगी। यह जानकारी देते हुए एमडी पीजी कॉलेज के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन एन पांडे ने बताया कि दिनांक 30 अगस्त को द्वितीय पाली में संपन्न एमए चतुर्थ सेमेस्टर प्राचीन इतिहास (पेपर कोड 23 85) रिलिजन एंड फिलासफी तथा 31 अगस्त को द्वितीय पाली में संपन्न एम ए हिंदी प्रथम प्रश्न पत्र हिंदी कथा साहित्य उपन्यास एवं कहानी (पेपर कोड 1811) की संपन्न हुई परीक्षाओं को विश्वविद्यालय द्वारा अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था और इन परीक्षाओं को 4 सितंबर को प्रथम पाली में कराया जाना था किंतु अब यह परीक्षाएं 6 सितंबर को प्रथम पाली में होंगी।

## छात्रों ने मेंहदी प्रतियोगिता में लिया भाग

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इंटर कालेज आलापुर कालाकांकर के छात्रों ने पंडित जगमोहन शुक्ल सभागार कक्ष में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के 100 छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, जिसमें नित्या द्विवेदी कक्षा 11 को प्रथम स्थान, रहनुमा बानो कक्षा 10 को द्वितीय, रिफत आलम कक्षा 11 को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता निर्णायक नीलम तिवारी व रानी मौर्य ने तीनों विजेता छात्रों को पुरस्कार किया।

# ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## जनता टेक्निकल हाईस्कूल लोहंगपुर में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद खुली प्रतियोगिता का आयोजन जनता टेक्निकल हाईस्कूल लोहंगपुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रबन्धक विवेक सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, बॉलीबाल की प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया गया जिसमें निर्णायक की भूमिका में संतोष कुमार मिश्र, इनमुद्दीन, इन्द्रदेव पाण्डेय, ईशिता सिंह, सृष्टि तिवारी ने अदा की।

200 मीटर दौड़ में पवन पाण्डेय प्रथम, अबु हमजा द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में मुस्कान प्रथम, खुशीपाल द्वितीय, खुशी यादव तृतीय, 200 मीटर दौड़ में शालिनी यादव प्रथम, स्नेहा पाल द्वितीय, आंचल शुक्ला तृतीय, 400 मीटर दौड़ में अभय प्रताप सिंह प्रथम, विकास वर्मा द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में शुभम कुमार प्रथम, अर्पित गौतम द्वितीय, बॉलीबाल में बालक लोहंगपुर विजेता, जयतीपुर कठार उपविजेता, कबड्डी बालक में बिहारगंज विजेता, लोहंगपुर उपविजेता, बालिका में लोहंगपुर विजेता, बिहारगंज उपविजेता रही। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जय बहादुर सिंह, पीआरडी ब्लाक कमांडर राधेश्याम तिवारी सहित ऋषिराज सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, बाल मुकुन्द, प्रिया सिंह, मानसी, प्रवीण श्रीवास्तव, रमाशंकर वर्मा, अभयराज वर्मा उपस्थित रहे। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी अरूण कुमार सिंह द्वारा दी गयी है।



खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

## गणेश पूजा उत्सव मे उमड़े श्रद्धालु, विधिविधान से पूजे गये गणपति

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गणेश पूजा के तहत नगर में गणपति उत्सव में शुक्रवार की शाम श्रद्धालओं की भारी भीड उमड़ी दिखी। नगर के घुइसरनाथ रोड पर छोटी नहर तथा खानापटटी के समीप गणेश पूजा पाण्डालों मे श्रद्धालुओं ने भजन व संकीर्तन में रमे श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे मे मंत्रमुग्ध दिखे। छोटी नहर पर भोला विश्वकर्मा के संयोजन में हो रही गणेश पूजा में भगवताचार्य पं. विनय शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान् गणेश का विधिविधान से पूजन कराया। खानापटटी वार्ड में कपूरचंद्र सोनी के संयोजन में सजाये गये पाण्डाल को श्रद्धालु अपलक निहारते दिखे। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भी पाण्डालों मे पहुंचकर मत्था टेका। गणेश पूजन उत्सव को लेकर शाम को हो रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पाण्डालों पर पुलिस भी मुस्तैद देखी जा रही है। गणेश पूजा को लेकर नगर की बाजार में चहल पहल भी बढ़ी हुई है। इस मौके पर मक्खन शुक्ला, सर्वजीत गुप्ता, रामलखन जायसवाल, आदर्श मिश्र, सूबेदार बीडी सिंह बघेल, शिवलाल मौर्य आदि रहे।

# परियावां लवाना मार्ग सीसी रोड पर भरा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां लवाना मार्ग के नवाबगंज डाक बंगला के समीप सीसी रोड के दोनों तरफ बनी नालियां के चोक हो जाने से बारिश के दौरान सड़क के नीचे लबालब पानी भर गया है। गुरुवार की शाम हुई जोरदार बारिश का पानी शनिवार तक भरा रहा जिससे लोगो को गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी जलजमाव से गुजरकर नौनिहाल बच्चो से लेकर हाई स्कूल इंटर व पोस्ट ग्रेजुएट तक के छात्र शिक्षा के लिए आलापुर कालाकांकर जाते हैं कभी कभी तो सामने या पीछे से कोई वाहन के आ जाने से उसके टायर के छीटे से छात्रों के कपड़े खराब हो जाते है जो वापस बीच रास्ते से घर चले जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने जल्द बाजी में सड़क व नाली बना दिया लेकिन नाली से पानी की निकासी का कही नही बनाया जिससे जहां तक सड़क बनी हुई है। उसके बाद डामर सड़क का भाग नीचा होने के कारण पानी का जलजमाव बना रहता है। यदि डामर सड़क के हिस्से को सीसी सड़क से जोड़कर पाइकगंज बाजार तक सीसी सड़क में बना दिया जाय तो जलजमाव के साथ परेशानी से छुटकारा मिल जाय, क्योकि डाक बंगला अरखा रजबहा से लेकर पाइकगंज बाजार तक कि डामर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है जिस पर राहगीर गिरकर आये दिन चोटहिल हो रहे हैं। नवाबगंज (मुरस्सापुर) ग्राम प्रधान सुरेश यादव व बीडीसी सदस्यों ने जिलाधिकारी के साथ जनप्रतिनिधियो का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की मौत को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के सराय ताल मकईपुर निवासी प्रेमनाथ वर्मा की चैदह वषीर्या पुत्री प्रीती ने शुक्रवार की देर रात घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी खाना खाने के बाद कमरे में चली गयी थी। मृतका की मां दिल्ली रहती है जबकि उसका पिता किसी काम से प्रतापगढ़ गया था। पिता मजदूरी कर परिवार का गुजरबसर किया करता है। घर पर घटना के समय मृतका की दादी ही मौजूद थीं। किशोरी की मौत की जानकारी होते ही परिजनों की चीख निकल गयी। सूचना पर लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शनिवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। एसओ विनीत का कहना है कि शव पीएम के लिए गया है, रिर्पोट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## बाजार गए युवक को दबंगों ने पीट कर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाजार जा रहे एक युवक को आधा दर्जन बदमाशों ने रंजिश में पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित युवक ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली ने शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह गांव का रहने वाला शेखर तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी ने बताया कि शनिवार को 11 बजे वह बाजार जा रहा था तभी बीबीपुर गांव के रहने वाले कुछ आरोपी उसकी मोटरसाइकिल को रोक लिए और उसे मारपीट कर जख्मी कर दिया जेब में रखा हुआ नगदी भी छीन लिया तथा उसका मोबाइल छीन कर उसके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

## खबर संक्षेप

### सितंबर माह में 5 दिन होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**कौशाम्बी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में दिनांक 17 सितम्बर 2022 को आरबीटेशन से सम्बन्धित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत एवं दिनांक 26, 27, 28 व 29 सितम्बर 2022 को एन0आई0 एक्ट से सम्बन्धित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए समस्त जनमानस को सूचित किया है कि आरबीटेशन एवं एन0आई0 एक्ट से सम्बन्धित मामलों को सम्बन्धित न्यायालय द्वारा नियत कराकर अधिक से अधिक निस्तारित कराकर विशेष लोक अदालत को सफल बनायें।

### वृद्ध आश्रम में भागवत कथा का होगा आयोजन

**कौशांबी।** महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के तत्वाधान से वृद्धा आश्रम परिसर ओसा में 9 सितंबर से भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने बताया कि 9 सितंबर को कलश यात्रा वेदी पूजन के बाद कलश स्थापना की जाएगी एवं 10 सितंबर से विद्वान कथावाचक द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा वृद्धा आश्रम में भागवत कथा के आयोजन की सूचना उप जिलाधिकारी को महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान ने दिया है।

# डीएम एसपी ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

## न्याय की उम्मीद में पहुंचे संपूर्ण समाधान दिवस में 48 फरियादी चार शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश



फरियाद सुनते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील मंझनपुर में आम-जन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं के आधार पर निस्तारित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस ने शिकायतकर्ता शिवाकान्त एवं रमाकान्त निवासी-ग्राम डांडीपर मजरा अर्का फतेहपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि तालाबी नम्बर-1072 पर दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार कन्धई लाल, निवासी-ग्राम-गोबरसहाई ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उन्हें कृषि पट्टा मिला था जिसे पैमाइश कराकर काबिज कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर को नायब तहसीलदार को मौके पर भेजकर प्रकरण को निस्तारित कराने के निर्देश दियें है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### अवैध कब्जा धारक फर्जी एप्लीकेशन के सहारे चौकी इंचार्ज को कर रहा बदनाम

**कौशाम्बी।** गैर कानूनी कार्य करने की इजाजत नहीं मिली तो फर्जी एप्लीकेशन के सहारे सैयद सरावा चौकी इंचार्ज को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। चौकी इंचार्ज को बदनाम करने की साजिश रचने वाला व्यक्ति गैर कानूनी कार्यों में लिप्त है और यह व्यक्ति आए दिन किसी न किसी के खिलाफ थाना पुलिस को फर्जी एप्लीकेशन देकर चौकी इंचार्ज को बदनाम करता है। यदि उच्च अधिकारियों ने उक्त व्यक्ति के कारनामें की सूक्ष्म जांच कराई तो उसके काले कारनामें की पोल खुलना तय है। सैयद सरावा चौकी इंचार्ज के ऊपर फर्जी आरोप लगाने वाला व्यक्ति सैयद सरावा स्थित एक जमीन जो न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद गैर कानूनी तरीके से उक्त जमीन पर रात के अंधेरे में अवैध निर्माण करने में जुटा था। जानकारी होने के बाद तुरंत दल - बल के साथ मौके पर चौकी इंचार्ज पहुंचकर न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए अवैध निर्माण को ठप करा दिए जिससे खुन्नस खाकर अवैध कब्जा धारक व्यक्ति चौकी इंचार्ज के खिलाफ उल्टे- सीधे मनगढंत फर्जी एप्लीकेशन देकर बदनाम कर रहा है।

## न्यूज झरोखा

### पूरब शरीरा गांव में उड़न खटोला में निकले बांके बिहारी



**कौशाम्बी।** भगवान बांके बिहारी की झांकी उड़न खटोले में जैसे ही कस्बा क्षेत्र में निकली झांकी देखने के लिए लोग घरों से बाहर निकाल आए है और भगवान बांके बिहारी का जयकारा लगाने लगे सरसवा ब्लाक के पूरब शरीरा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान बांके बिहारी की झांकी उड़न खटोले में निकाली गयी बिगत वर्ष की भांति बृहस्पतिवार को गांव के भागीरथी त्रिपाठी के घर से बांके बिहारी लाल की झांकी निकाली गई इस दौरान पूर्व शहर के विभिन्न घरों में भगवान का दर्शन कराया गया जगह-जगह कीर्तन भजन का भी आयोजन किया गया रात्रि में जवाबी कीर्तन का भी आयोजन किया गया बांके बिहारी के भ्रमण के दौरान कृष्ण पांडेय राकेश त्रिपाठी शिवा त्रिपाठी साहिल त्रिपाठी निखिल मिश्रा प्रभाकर पांडेय संजय त्रिपाठी भीम नरेंद्र सहित सैकड़ों लोग भगवान की शोभा यात्रा में मौजूद रहे

### एलआईसी कार्यालय में बीमा सप्ताह का आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी।** भारतीय जीवन बीमा निगम के 66 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जीवन बीमा निगम के भरवारी कार्यालय में बीमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है भरवाड़ी स्थित कार्यालय में 1 सितंबर से 7 सितंबर तक भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बड़े ही धूमधाम और उत्साह पूर्वक बीमा सप्ताह मनाया जा रहा है इस मौके पर भारतीय जीवन बीमा निगम के पालसी धारकों के लिए विशेष सुविधाओं का आयोजन किया गया है विशेष बीमा सेवा काउंटर के माध्यम से पालसी धारको को बीमा योजना के विभिन्न लाभों के बारे में बताकर उन्हें बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बीमा सप्ताह समारोह के अवसर पर विशेष बीमा सेवा काउंटर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर शाखा प्रबंधक रामसुंदर केशरवानी द्वारा किया गया है इस मौके पर उपस्थित लोगों को उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बीमा कराने के लिए प्रेरित किया भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक राम सुंदर केशरवानी के नेतृत्व में एजेंट और अधिकारियों द्वारा बीमा सप्ताह मनाया जा रहा है भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय भरवारी में मनाए जा रहे बीमा सप्ताह आयोजन के दौरान शाखा प्रबंधक राम सुन्दर केसरवानी बीएम सुनील कुमार सिंह एओ विवेक सक्सेना एएओ अमित सोनकर एएओ ओमन्जर वारसी एबीएम शिव शंकर सिंह,एएओ रुद्र मनी पाण्डेय सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारी पदाधिकारी पालसी धारक इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचते ही मचा कोहराम

## डीएम एसपी ने शहीद को अर्पित किया पुष्प चक्र जब तक सूरज चांद रहेगा नरेश मिश्रा का नाम रहेगा

अखंड भारत संदेश



शहीद के अंतिम संस्कार में पहुंचे डीएम एसपी सहित मौके पर मौजूद परिजन व ग्रामीण

**कौशाम्बी।** इंडियन आर्मी में तैनात शहीद नरेश कुमार मिश्रा का शव जैसे ही उनके गांव पहुंचा पूरे गांव में कोहराम मच गया परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे महेवा घाट थाना अंतर्गत लौगांवा गांव निवासी नरेश कुमार मिश्र इंडियन आर्मी हिसार हरियाणा में हवलदार के पद पर तैनात थे बृहस्पतिवार को रोड दुर्घटना में हिसार में वह शहीद हो गए जैसे ही शनिवार की सुबह जब उनका शव उनके पैतृक गांव लौगावा पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस और सेना के जवानों ने शहीद को अंतिम गार्ड ऑफ ऑनर दिया बड़े भाई ने मुखाग्नि दी इस दौरान अंतिम संस्कार में पहुंचे डीएम सुजीत कुमार सिंह और एसपी हेमराज मीणा ने शहीद को पुष्प चक्र अर्पित कर नम आंखों से सलामी दी इस दौरान महेवाघाट इंस्पेक्टर रोशन लाल पश्चिम सरीरा थानेदार भवानी सिंह आदि सैकड़ों लोग शहीद के अंतिम दर्शन में मौजूद रहे।

### बाहुबली अतीक के गुर्गे कर रहे दलित की जमीन पर जबरन कब्जा

**कौशाम्बी।** सपा सरकार में आतंक का पर्याय बने पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद और उनके गुर्गों का आतंक योगी की भाजपा सरकार में भी कम नहीं हो सका है अतीक के गुर्गे आए दिन लोगों के साथ अत्याचार कर रहे हैं ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत पन्नोई गांव के हरीश चंद्र पुत्र राम लखन का है जिसकी आराजी जुनेदपुर परगना चायल में है यह जमीन उसने बैनामा के जरिए खरीद किया था लेकिन इस जमीन पर कब्जा नहीं कर पा रहा है पूर्व बाहुबली सांसद अतीक के रिश्तेदार और उनके गुर्गे जबरिया कब्जा कर रहे हैं अनुसूचित जाति का यह व्यक्ति न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट पर दौड़ लगा रहा है लेकिन न्याय मिलता नहीं दिख रहा है अतीक के गुर्गों पर थाना और चौकी पुलिस लगातार मेहरबानी बनाए हुए हैं।

# पंचायत भवन में आए दिन लटकता रहता है ताला!




**कौशांबी।** विकासखंड मूरतगंज के ग्राम पंचायत उदाथू का पंचायत भवन अपनी मर्जी से खुलने एवं अपनी मर्जी से बंद होने से ग्रामीण परेशान है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत उदाथू का पंचायत भवन बंद था। ग्रामीणों ने बताया कि यह पंचायत भवन आए दिन इसी तरह बंद रहता है जिसके कारण छोटे छोटे कार्यों के लिए उन्हें भटकना पड़ता है। ग्रामीणों की किसी भी प्रकार की समस्या रहती है, तो वे दूसरे गांवों के जन सेवा केंद्र में जाते हैं। पंचायती राज व्यवस्था में जहां जिला पंचायत जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को नियमित शासकीय अवकाश को छोड़कर कार्यालय खोलने का प्रावधान है। मगर मूरतगंज ब्लाक के उदाथू ग्राम पंचायत में जैसे कोई सचिव है ही नहीं क्योंकि सचिव अपनी मर्जी के अनुसार पंचायत भवन में पहुंचते हैं। ग्राम पंचायत उदाथू के प्रधान व पंचायत सहायक ऑपरेटर, को ऐसा कोई डर नहीं है, कि हमारे पंचायत भवन में भी कोई अधिकारी या कर्मचारी आएगा कभी। पंचायत भवन में ताला लटकना आम बात है, प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवक मनरेगा सहित अनेकों कार्य नियमित रूप से संचालित होते हैं। ग्रामीणों की भी छोटी छोटी अनेक प्रकार की समस्याएं होती हैं। जिस के निराकरण के लिए पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है। इससे ग्रामीणों को छोटे-मोटे काम के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ता । यहाँ ग्रामीणों को सचिव के पास खुद ही जाना पड़ता है।

### जूनियर इंटर हाउस फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबले में नेहरू हाउस ने मुंशी हाउस को हराकर चैंपियन ट्राफी अपने नाम किया



**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम के हरे-भरे मैदान में जूनियर इंटर हाउस फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबले में मुंशी हाउस को हराकर नेहरू हाउस ने चैंपियन ट्राफी अपने नाम किया।नेहरू हाउस की तरफ से खिलाड़ी सौरभ सिंह ने 4 गोल कर अजेय बढ़त बना लिया जो की निर्णायक साबित हुआ।वहीं मुंशी हाउस के खिलाड़ी शिवेश मिश्र ने एक गोल किया।मुंशी हाउस के कप्तान आशुतोष शास्त्री ने नेहरू हाउस के कप्तान अनमोल द्विवेदी को चैंपियंस ट्राफी जीतने की बधाई दिया। वरिष्ठ खेल शिक्षक सुधाकर सिंह ने सबसे पहले दोनो टीमों के कप्तान की उपस्थिति में टॉस कराया,इसके बाद खेल की शुरूआत हुई।खेल शिक्षक सुधाकर सिंह निर्णायक की भूमिका में नजर आए प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव एवं सभी शिक्षकों ने नेहरू हाउस को चैंपियंस ट्राफी जीतने की बधाई दिया।

# दो घरों में सेंध कर हजारों रुपए का मॉल धो ले गय चोर




**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी कस्बा के मेहता रोड स्तिथ दो घरों में सेंध काटकर बीती रात हजारों का सामान चोर उठा ले गए हैं जिससे पुलिसिया गस्त पर सवालिया निशान उठ खड़ा हो गया है। बता दे कि बीती रात्रि मेहता रोड निवासी सोनू वर्मा के यहां घर के सभी सदस्य खाना खा कर अपने अपने कमरे में सो गए थे तभी चोरों ने मुख्य सड़क पर घर के दीवाल में सेंध काटकर चोर घर के अंदर घुसकर घर में बोरो में भर कर रखा हजारों रुपए का पीतल वा फूल के बर्तन को उठा ले गए उसके बाद इसी रोड पर प्रभात मिश्रा के घर में भी दीवाल में सेंध काटकर चोर अंदर घुसे ही थे कि घर वालो के जग जाने की वजह से चोर भाग जाने में सफल हुए घटना की जानकारी गृह स्वामी को सुबह हुई पुलिस को घटना की जानकारी सुबह हुई जबकि सवाल उठता है कि चोर घरों में सेंध कर घटना को अंजाम देते रहे वही पुलिस गस्त करती रही उसके बाद भी चोरी हो गई अब सवाल उठता है कि नवागंतुक चौकी इंचार्ज के लिए यह किसी चुनौती से कम नही है ' वही डायल एक सौ बारह की फोर्स वा चौकी पुलिस के लिए बड़ा सवालिया निशान तो है अब देखना है कि चौकी इंचार्ज के लिए घटना का खुलासा करना कितना संभव होगा यह तो वक्त बताएगा।

### गौरा स्थित बड़ी कुटी में 5 सितम्बर को होगा सत्रहवा विशाल कन्या भोज भंडारा

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित गौरा बड़ी कुटी मंदिर में पांच सितम्बर दिन सोमवार को विशाल कन्या भोज भंडारा का आयोजन रखा गया है बता दे कि उक्त भंडारा भरवारी नगर पालिका परिषद के कवार्रियो के बाबा भोले नाथ के दर्शन करके वापस लौटने के उपरांत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गौरा स्थित बड़ी कुटी मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है यह भंडारा लगातार सत्रह वर्षो से होता चला रहा है भंडारा आयोजन समिति के लोगों ने इलाके के लोगों से भंडारे में शामिल हो कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# हिंदू जागरण मंच ने शिवालय में की पूजा अर्चना, मन्दिर को हरे-रंग से पोते जाने से नाराज था संगठन

## बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं ने की पूजा अर्चना पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश



मंदिर में ध्वज लगाने जाते हिंदू जागरण मंच के नेता

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद के आजाद नगर में मंदिर के आसपास मांस की दुकान लगाएं जाने और हरे रंग से पोते जाने के चलते आक्रोशित हिंदू जागरण मंच मंदिर में पूजा करने का आवाहन किया था। तय कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को मंदिर में विधिवत पूजा पाठ पंडित शिव सागर मिश्रा ने किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संगठन की प्रांत सह संयोजक रचना सिंह मौजूद रहीं। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया।

इस मौके पर बोलते हुए हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी ने कहा कि किसी भी दशा में हमारे धर्म के प्रतीक चिन्ह पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर पहुंचे बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भगवान के जयकारे लगाते हुए पूजा अर्चना किया। मंदिर में पूजा किए जाने से सभी भक्त खुश नजर आए। आसपास के लोगों ने बताया कि केशरवानी समाज द्वारा बनवाया गया यह मंदिर लगभग 300 साल पुराना है लेकिन यहां पर आसपास मुस्लिम बस्ती होने के चलते इसकी देखरेख नहीं हो पा रही है और जमीनों पर अतिक्रमण हो गया है संगठन ने प्रशासनिक अधिकारियों से मंदिर के आसपास अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग को उठाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राकेश पाण्डेय, चक्रेश मिश्रा, संजय जयसवाल, अशीष बच्चा सत्येंद्र हेला, रूपेन्द्र शर्मा, यदुनंदन सिंह, प्रशांत, यशवंत यादव, प्रमोद रैदास, सुरेन्द्र मिश्रा, अंगद सिंह, शेखर पांडे, तिलक सिंह, विनय पाण्डेय, नितिन, आनंद कुमार अमित सिंह बलराम पाल सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

### लापरवाही के चलते सूख गए हजारों पौधे



**कौशाम्बी।** धरती को हरा-भरा करने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाखों पौधरोपण करने का लक्ष्य दे रहे हैं लेकिन पौधरोपण के नाम पर जिले में बड़ा खेल चल रहा है सरकार को झूठे आंकड़े भेज कर वन विभाग वाहवाही लूट रहा है जबकि सच्चाई यह है कि कहीं पौधे अभिलेखों में लगाए जाते हैं तो कहीं लगाए जाने के बाद विभागीय लापरवाही के चलते पौधे सूख रहे हैं ताजा मामला मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव के गौसंरक्षण केंद्र का है गौ संरक्षण केंद्र में वन विभाग ने वृहद पौधारोपण के अंतर्गत हजारों पौध रोपित किए थे लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते कुछ दिन में ही हजारो पौधे सूख गए हैं पौधारोपण करने के बाद विभाग के अधिकारी गौ संरक्षण केंद्र में पौध की देखरेख करने नहीं पहुंचे हैं जिससे विभागीय लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है आखिर गो संरक्षण केंद्र में लगाए गए हजारों पौधे सूख जाने का दोषी कौन है इस मामले में अभी तक वन विभाग के अधिकारियों ने किसी पर कार्यवाही नहीं की है जिससे विभागीय अधिकारियों की भी लापरवाही उजागर हो रही है बताते चलें कि बीते वर्षों में भी पौधरोपण के नाम पर बड़ा खेल हुआ है और विभागीय आंकड़ों में रोपित किया गया पौध का 10% पौध भी जिले की धरती पर नहीं मौजूद है पौधरोपण में हेराफेरी और लापरवाही के चलते पौधे सूख जाने के मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेकर जांच कराई तो वन विभाग के लापरवाह अधिकारियों की मुसीबत बढ़ सकती है।

# सात सितंबर तक मनाया जाएगा मातृ वंदना सप्ताह : सीएमओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में एक सितंबर से चल रहा मातृ वंदना सप्ताह इस बार उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। सात सितंबर तक चलने वाले इसके सप्ताह तहत के तहत हर दिन विविध आयोजन किए जा रहे हैं।उक्त बातें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेंद्र कुमार ने कही है। डॉ. कुमार ने कहा कि सप्ताह के दौरान सभी पात्र गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया जाए। जनसामान्य तक ज्यादा से ज्यादा योजना का प्रचार-प्रसार हो और स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया जाए। इसके अलावा टीकाकरण के प्रति गर्भवती को विशेष तौर पर जागरूक किया जाए। हर पात्र लाभार्थी को अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।

सप्ताह के दौरान गर्भवती को उचित आराम व पोषण की जरूरत के बारे में समझाएं। नियमित प्रसव पूर्व देखभाल की आवश्यकता बताएं। खासकर गर्भवती के पोषण का खास ख्याल रखा जाए। गर्भवती को यह भी बताया जाए कि संस्थागत प्रसव में ही मां-बच्चे की सुरक्षा निहित है और शिशु टीकाकरण बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। योजना के सफल क्रियान्वयन व उसके उद्देश्यों के लिए पूरे सप्ताह ग्राम सभा व शहरी निकाय की बैठक , ग्राम सभा स्तर पर पम्प्लेट्स का घर-घर अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों से प्रपत्र एकत्र कर उसी दिन कम्प्यूटर पर दर्ज कर अप्रूवल की प्रक्रिया शुरू की जाए । स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक कर बैंक, डाक घर, यूआईडीआई, पंचायती राज व सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यकताओं के साथ शिविर का आयोजन ,विशेष अभियान चलाकर करेक्शन क्यू में कमी लायी जाये, द्वितीय व तृतीय किश्त के मामलों का निस्तारण करना रहेगा। प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला सामुदायिक इवेंट का आयोजन गर्भवती को मौसमी फल, पौष्टिक आहार व अन्य खानपान की जानकारी व पकवान, प्रश्नोत्तरी व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा अभियान के आखिरी दिन सहयोगी संगठनों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उत्कृष्ट उपलब्धि वाले ब्लाक स्तरीय अधिकारियों और उच्च उपलब्धि वाली आशा, आशा संगिनी व एएनएम को पुरस्कृत किया जाए।

### योजना के तहत तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रुपए

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के जनपद कौशाम्बी के जिला कार्यक्रम समन्वयक विष्णु गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ योजना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 8160 लक्ष्य के सापेक्ष 10630 महिलाओं का पंजीकरण किया गया जिसके सापेक्ष 4 करोड़ 76 लाख 24 हजार रुपए की धनराशि लाभार्थियों को दी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 8508 के लक्ष्य के सापेक्ष 8904 महिलाओं का पंजीकरण कर उनको लाभ दिया जा गया । जोकि लक्ष्य से अधिक कि प्रगति हैं जिस पर 3 करोड़ 29 लाख 69 हजार रुपए खर्च किये गए । अप्रैल 2022 से अभी तक 3838 लाभार्थी महिलाओं का पंजीकरण कर 1 करोड़ 86 लाख 18 हजार कि धनराशि निर्गत कि जा चुकी हैंकप्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नोडल अधिकारी डॉ एस॰ एन० यादव ने बताया कि पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत पंजीकरण के लिए गर्भवती और उसके पति का कोई पहचान पत्र या आधार कार्ड, मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कापी जरूरी है । बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए । पंजीकरण के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपये दिए जाते हैं । प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने और गर्भावस्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर धात्री महिला को तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते हैं। यह सभी भुगतान गर्भवती के बैंक खाते में ही किये जाते है।

# विवाहिता को मारपीट कर ससुरालियों ने भगाया

## विवाहिता ने मोबाइल और नकदी छीनने का सास ससुर पति के साथ चचिया ससुर पर लगाया आरोप

**कौशाम्बी।** सरकार के तमाम सख्ती के बाद भी दहेज लोभियों का लोभ कम नहीं होता दिखाई दे रहा है दहेज की डिमांड को लेकर जिले में आए दिन विवाहिताओ का उत्पीड़न होता है ससुराली जनों द्वारा आए दिन मारपीट कर विवाहिता का उत्पीड़न किया जाता है इन दिनों दहेज लोभी एक सास ससुर पति की चर्चा फिर जिले में तेजी से है कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के असद उल्लाह पुर रोही निवासी परवेज अहमद की पुत्री अमरीन बानो की शादी 2 वर्ष पूर्व पिपरी थाना क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी निवासी मोहम्मद जाहिद पुत्र नसीम के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही दहेज कम मिलने की बात कहकर विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया विवाहिता के साथ गाली गलौज मारपीट होने लगी रोज-रोज की मारपीट और गाली-गलौज से पीड़ित विवाहिता ने मामले की सूचना मायके में दी मायके वालों ने ससुरालियों से बात कर दोबारा दहेज देने में असमर्थता जताई लेकिन उसके बाद भी दहेज लोभियों की डिमांड कम नहीं हुई 25 अगस्त को फिर विवाहिता अमरीन परवेज के साथ सास ससुर पति ने मारपीट किया है उसके पास मौजूद साढ़े छह हजार रुपए नगद और उसका मोबाइल ससुरालियों ने छीन लिया है और धक्के मारकर ससुराल से विवाहिता को भगा दिया है विवाहिता का चचिया ससुर समाजवादी पार्टी का नेता है और वह लगातार विवाहिता के पति ससुर और सास को पुलिस से बचाने में लगा है सपा नेता के दबाव के चलते पिपरी पुलिस विवाहिता को न्याय नहीं दे पा रही है रोज-रोज ससुरालियों की मारपीट गाली-गलौज अत्याचार से मजबूर विवाहिता अपने मायके पहुंची और रो-रोकर ससुरालियों के अत्याचार को बताया जिस पर अत्याचारी ससुरालियों के विरुद्ध विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराली जनों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### जन जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




**कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशांबी के तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार पर जन जागरूकता शिविर का आयोजन वृद्धा आश्रम ओसा में किया गया इस मौके पर जिला जज आभा पाल एवं नायब तहसीलदार मंझनपुर विनीता पांडेय ने शिक्षा का अधिकार और वृद्धजनों के अधिकारों के बारे में चर्चा की विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वृद्ध आश्रम में मौजूद वृद्धजनों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज ने वार्ता कर वहां की स्थितियों के बारे में जानकारी ली उन्हें दी जाने वाले खानपान और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में वृद्धजनों से हाल जाना जिस पर वृद्ध जनों ने शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से संतुष्टि प्रदान की है इस दौरान जिला जज ने परिजनों से पूछा कि क्या उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली पेंशन मिल रही है जिस पर वृद्ध जनों ने कहा कि उन्हें पेंशन मिल रही है कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष आभा पाल ने कहा कि वृद्धजनों को यदि उनके परिजनों बच्चों से कोई दिक्कत है तो वह उसकी शिकायत करें उनकी दिक्कतों का समाधान किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान वृद्धजन आश्रम संचालक आलोक राय सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# चीनी मुसलमानों की दुर्दशा

**संयुक्त** राष्ट्र संघ की मानव अधिकार परिषद ने चीन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। उसकी ताजा रपट में उसने बताया है कि चीन के शिन च्यांग (सिंक्यांग) प्रांत के लगभग दस लाख उइगरों को यातना शिविरों में बंद करके रखा हुआ है। ये उइगर मुसलमान हैं। ये दिखने में भी चीनियों से अलग दिखते हैं। उनका सिंक्यांग प्रांत हमारे लद्दाख से लगा हुआ है। सैकड़ों सालों से पैदल रास्ते चीन जानेवाले और वहां से आनेवाले व्यापारी, विद्वान, यात्रीगण इसी रास्ते से आया-जाया करते थे। उइगरों का यह क्षेत्र सदियों से चीनी वर्चस्व के बाहर रहा है। कम्युनिस्ट शासन की स्थापना होने के पहले इस उइगर-क्षेत्र में आजादी का आंदोलन चलता रहा है लेकिन जब से चीन में कम्युनिस्ट शासन स्थापित हुआ है, उइगर मुसलमानों को बड़ी बेरहमी से दबाया गया है। कुछ उइगर नेताओं और व्यापारियों को अपना हथियार बनाकर चीनी सरकार उन पर निरंतर जुल्म करती रहती है। संयुक्तराष्ट्र संघ की लंबी रपट में ठोस तथ्य और तर्क देकर बताया गया है कि चीन के ये मुसलमान गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। उनकी जनसंख्या न बढ़े, इसलिए उनकी जबरन सामूहिक नसबंदी कर दी जाती है। उनकी मस्जिदों पर ताले ठोक दिए जाते हैं। वहां मदरसे नहीं चलने दिए जाते हैं। इस्लामी देशों के प्रचारकों को वहां घुसने भी नहीं दिया जाता है। उनकी वेशभूषा और नाम भी बदलने की कोशिश बराबर जारी रहती है। उइगर बच्चों के स्कूलों में चीनी भाषा अनिवार्य रूप से पढ़ाई जाती है। शिंनच्यांग प्रांत में कम्युनिस्ट पार्टी का शिंकजा इतना कड़ा है कि जो उइगर मुसलमान उसके पदाधिकारी हैं, वे चीनियों की नकल भर बने रहते हैं। सिंक्यांग प्रांत की राजधानी उरुमची और अन्य शहरों व गांवों में मुझे घूमने-फिरने और आम आदमियों से खुलकर बात करने का मौका मिला है। कई उइगरों से पेइचिंग और शांघाई में भी मेरा खुलकर संवाद हुआ है। वे अपने आप को चीनी कहने में ही संकोच करते हैं। सिंक्यांग में मैंने जैसी गरीबी देखी, वैसी दुनिया के बहुत कम देशों में देखी है।

वहां की कई महिलाओं ने शिकायत की कि चीनी लोग उनके साथ काफी बुरा बर्ताव करते हैं। राजधानी उरुमची में पाकिस्तानी छात्रों की भरमार रहती है। चीनी सरकार उन्हें लगभग मुफ्त में मेडिकल की शिक्षा देती है लेकिन उसे यह डर भी लगा रहता है कि इन इस्लामी पाकिस्तानियों के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुस्लिम राष्ट्रों के आतंकवादी कहीं सिंक्यांग में अपना अड्डा न बना लें।

ये उइगर लोग भारत और पाकिस्तान को बहुत प्यार करते हैं लेकिन देखिए उनकी बदकिस्मती कि इन दोनों देशों के नेता उइगरों के मुद्दे पर मौन धारण किए रहते हैं। अमेरिका और पश्चिमी राष्ट्र जब मुंह खोलते हैं, चीन उन पर निहित स्वार्थ और दुश्मनी का आरोप लगाता है। चीनी सरकार ने संयुक्तराष्ट्र की इस ताजा रपट को भी यही कहकर रद्द कर दिया है।

# समाज का पथ प्रदर्शक होता है शिक्षक

**रमेश सर्राफ**

**मनुष्य** के जीवन में गुरु का स्थान सर्वोत्तम माना गया है, क्योंकि गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है जो अपने शिष्य को जीवन में कर्म पथ पर चलने का सही मार्ग दिखाता है। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है। शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है। दुनियां के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था।

# शिक्षकों की समाज में भूमिका

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**हमारे** देश में शिक्षक को भगवान का दर्जा दिया गया है, माता-पिता और गुरुजन एक समान है। सबसे पहले हमें शिक्षक की मूल परिभाषा को समझना होगा कि शिक्षक किसे कहते है, शिक्षक वह त्याग और सत्यता की जिवंत मूर्ति है जो स्वयं जलकर दूसरों को यश मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रकाशमान होता है। एक सच्चा शिक्षक मुख्यता से विषयतज्ञ, कौशलपूर्ण, मार्गदर्शक, दूरदर्शी, शोधकर्ता, विश्लेषक, मृदुभाषी, सहकारी, अनुशासित, समयनिष्ठ, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित, परोपकारी और मेहनती होता है। शिक्षक सर्वदा घृणित व्यवहार, लालच, अभिमान, दिखावा, नशा और भ्रष्टाचार से दूर रहकर, बिकट परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारकर हमेशा समाज में नयी पीढ़ी को आदर्श रूप देने के लिए ऊजार्वान बना रहता है। सच्चा शिक्षक जात-पात, धर्म, लिंगभेद जैसे विचारों से अलिप्त रहकर अपने विद्यार्थियों को एक समान दृस्टी से देखता है जैसे माँ अपने सभी बच्चों को एक समान देखती है। समाज में शिक्षक बहुत जिम्मेदारी का पद है, शिक्षक पर नई पीढ़ी को कर्तव्यदक्ष सुजान नागरिक में परिवर्तित करने की कला होती है। शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का उज्जवल भविष्य तैयार होता है, और यही है एक सच्चे शिक्षक की परिभाषा । आज समाज से अपराध का ग्राफ काफी तेजी से बढ़ रहा है, छोटे स्कूली बच्चें और महाविद्यालयीन किशोर गंभीर अपराधों में लिप्त नजर आते है, खुले आम सभ्यता, संस्कारों की होली जलाई जाती है, शिक्षा का व्यापारीकरण नजर आता है। आज के आधुनिक समय में शहरों और महानगरों में स्कूल का नाम ब्रांड बन गया है, सबको अब नामी प्राइवेट स्कूलों में ही अपने बच्चो को पढ़ाना है, तो फिर बच्चों को बाहर कोचिंग सेंटर क्यों भेजा जाता है? यह प्रश्न चिन्ह तैयार होता है। निजी शिक्षा संस्थान में बच्चों को पढवाने के बावजूद बच्चों को सुरुवात से ही ट्यूशन लगवाना जरुरी समझा जाता है। देश में शिक्षा विभागों में घोटालें कोई नई बात नहीं है, फिलहाल महाराष्ट्र में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) भ्रष्ट्राचार में लिप्त 7800 शिक्षक के नाम सामने आये है, जिनकी तनख्वाह सरकार ने फिलहाल रोक दी है, इस घोटाले में समाज के काफी रुसुकवाले लोगों के लिप्त होने की खबर है। अन्याय और भ्रष्ट्राचार करके अगर शिक्षक नौकरी पाता है तो वह कैसे अपने पद से न्याय कर पायेगा? और आदर्श पीढ़ी का शिल्पकार कहलायेगा? आबादी के मामले में विश्व में दूसरे क्रमांक पर तथा सबसे अधिक शिक्षासंस्थानों में तीसरे क्रमांक पर हमारा भारत देश है, फिर भी हर साल बड़ी संख्या में हमारे देश के लाखों विद्यार्थी पढ़ाई करने विदेश जाते है, साथ ही बड़ी मात्रा में देश का धन भी बाहर जाता है। गुणवत्ता की बात करे तो विश्वस्तर पर शीर्ष के शिक्षा संस्थानों में भारत का नाम नदारद है। यूनेस्को की शिक्षा रिपोर्ट 2021 अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस महंगाई के दौर में अनेक शिक्षा संस्थानों में कई शिक्षक दिहाड़ी मजदूर से भी अत्यल्प वेतन पर कार्यरत है, तो कही शिक्षकों को महीनों तक बिना वेतन कार्य करवाया जाता है, तो कई राज्यों में बरसों से शिक्षकों की नई भर्तियां ही नहीं हुयी है। देश के अनेक विश्वविद्यालय और सरकारी अनुदानित शिक्षा संस्थान ठेका पद्धति द्वारा अनेक वर्षो से शिक्षकों को टेम्परररी काम पर रख कर शिक्षा का कार्य चला रहे है। देश में केजी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा के लिए आवश्यक तज्ञ शिक्षकों में बेतहाशा बेरोजगारी का आलम छाया हुआ है। शिक्षा क्षेत्र में इस बढ़ती बेरोजगारी की स्थिति के कारण संघर्ष चरम पर है जिसके कारण भेदभाव, भ्रष्टाचार, सिफारिश जैसी समस्या उदयमान होती है। इन सब के चलते जो जैसी नौकरी मिले शिक्षक करने को तैयार हो जाते है। हर छह माह में केंद्र और अनेक राज्यों की ओर से सहायक प्राध्यापक पद हेतु यूजीसी नेट/सेट/स्लेट परीक्षा होती है। लाखों विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण होते है, लेकिन हर छह माह में सरकार लाखों असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्तियां नहीं करती। सरकार ने इस विषय पर गंभीरता से विचार करना बहुत आवश्यक है। 20-20 साल से लोग यह परीक्षा उत्तीर्ण करके बेरोजगार बैठे है, तो दूसरी ओर देश में आज अनेक ऐसे भी शिक्षक है, जिनको खुद के विषय का ढंग से ज्ञान तक नहीं है, अक्सर इससे संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते है और उनकी आज योग्यता व गुणवत्ता आधारित परीक्षा ली जाये तो, वे सम्भवतः पुरे फिसड्डी साबित होंगे। शिक्षक की जरा सी गलती या लापरवाही समाज के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। आज अनेक शिक्षक अपने तय समय से कार्य करके घर निकलना चाहते है, लेकिन शिक्षा विभाग में समय बिताने वाला कभी भी शिक्षक हो ही नहीं सकता, उनके कार्य का योग्य मूल्यमापन होना अति आवश्यक है। अच्छे काम को प्रोत्साहन और बुरे काम की निंदा होना बहुत जरूरी है। सच्चा शिक्षक कभी अपने कार्य से मुक्त नहीं होता है, जब तक अपने कार्य से खुद




> आज
> अनेक शिक्षक अपने तय समय से कार्य करके घर निकलना चाहते है, लेकिन शिक्षा विभाग में समय बिताने वाला कभी भी शिक्षक हो ही नहीं सकता, उनके कार्य का योग्य मूल्यमापन होना अति आवश्यक है। अच्छे काम को प्रोत्साहन और बुरे काम की निंदा होना बहुत जरूरी है। सच्चा शिक्षक कभी अपने कार्य से मुक्त नहीं होता है, जब तक अपने कार्य से खुद पूरी तरह संतुष्ट नहीं होते तब तक अपने कार्य में अधिक निखार लाने का प्रयास जारी रखता है। शिक्षक वह होता है जो केवल दूसरों के हित के बारे में पहले विचार करता है

पूरी
त र ह
संतुष्ट नहीं होते तब तक अपने कार्य में अधिक निखार लाने का प्रयास जारी रखता है। शिक्षक वह होता है जो केवल दूसरों के हित के बारे में पहले विचार करता है। शिक्षक जैसे पवित्र पद को कलंकित करने वाली अनेक खबरें आजकल देखने-सुनने को मिलती है, जो इंसानियत को भी शर्मसार कर देती है। ऐसे ये शिक्षक नहीं, समाज के भक्षक है, जो शिक्षक के मूल परिभाषा से अनभिज्ञ होकर ये शिक्षक के पद की गरिमा को धूमिल करते है। आज बढ़ती सामाजिक समस्याओं में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, अत्याचार, अपराध, स्वार्थवृत्ति, नशाखोरी, मिलावटखोरी, प्रदुषण, कामचोरी, झूठ, जालसाजी, संस्कारहीन व्यवहार इन सभी समस्याओं का मूल कारण लोगों द्वारा नियमों की अवहेलना और लापरवाही है, जो काफी हद तक उस व्यक्ति की शिक्षा और संस्कार पर सवाल उठाता है। कोई भी बचपन से ही अपराधी के रूप में जन्म नहीं लेता है, बच्चें कच्चे मिट्टी के घड़े से होते है, शिक्षक उन्हें जैसा बनाएंगे विद्यार्थी वैसा बन जायेंगे, माना कि बच्चों पर समाज और परिवार का प्रभाव भी होता है लेकिन मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका में शिक्षक ही होता है। ऐसा भी नहीं है कि अब शिक्षक समाज सुधारक के रूप में नजर नहीं आते, कम ही सही लेकिन कई शिक्षक सच्चे समाज सुधारक बनकर आज भी विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला कर समर्पण की भावना से विद्यार्थियों में शिक्षा की ज्योत प्रज्वलित करने के लिए संघर्ष कर रहे है।

हमारा देश महान समाज सुधारक, संत, महात्मा और क्रांतिकारियों का देश है, इस देश में लोगों की समस्या को अपनी समस्या मानकर देशसेवा व समाजसेवा में अपना सर्वस्व त्यागनेवाले अनगिनत महान सख्शियत हुए है। जिसमें शिक्षा क्षेत्र भी प्रमुख है, देश में महिलाओं के लिए शिक्षा की पहली लौ जलानेवाली महान समाजसुधारक सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले थी, जिन्होंने बहुत ही ज्यादा मुश्किलों से लड़कर स्त्री शिक्षा को कामयाब बनाया, सावित्रीबाई फुले को बहुत ही उग्र सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा। लोग उनपर कीचड़, पत्थर, गोबर फेंक कर मारते थे, कोसते थे, गाली गलौज करते, फब्तियां कसते, तिरस्कार और घृणा से देखते थे। इतने असहनीय अत्याचारों के बाद भी, उन्होंने ज्योतिबा फुले की सहायता से लड़कियों के लिए देश का पहला स्कूल शुरू किया। आज हमारे समाज में कितने ऐसे कर्मठ शिक्षक है जो अपने निस्वार्थ कर्त्तव्य और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए समाज की बुराई से लड़ सकते है, और जो लड़ सकते है, देश को आज ऐसे ही सच्चे समाज सुधारक जैसे शिक्षकों की जरूरत है।

# राष्ट्र गौरव को द्विगुणित करता सनातनी-वैज्ञानिक शिक्षा का स्वरूप

**संजीव ठाकुर**

**भारत** में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।




भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

# शिक्षक का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान: गुरु बिन ज्ञान न उपजै

**डॉ. सौरभ मालवीय**

हमारे जीवन में गुरु अथवा शिक्षक का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। गुरु ज्ञान का भंडार होता है। वह हमें ज्ञान देता है, हमारा पाठ आलोकित करता है। ज्ञान वह अमूल्य वस्तु है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। ज्ञान ऐसा कोश है, जिसमें से जितना व्यय करो वह उतना ही बढ़ता जाता है। गुरु ही हमारे जीवन का मार्गदर्शन करता है। हमारे जीवन को दिशा प्रदान करता है। हमारी प्राचीन गौरवशाली भारतीय संस्कृति में गुरु को अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। हमारे वेदों, पुराणों, उपनिषदों, रामायण एवं गीता आदि में गुरु की महिमा का गुणगान किया गया है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान के समान पूज्य माना गया है।

**गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवी महेश्वरः।**
**गुरुरेव परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।**

अर्थात गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है तथा गुरु ही भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परब्रह्म है। ऐसे गुरु को मैं नमस्कार करता हूं।

गुरु की सेवा करने वाले लोगों को कभी किसी वस्तु का अभाव नहीं होता। रामायण में ऋषि बाल्मीकि ने गुरु सेवा का उल्लेख करते हुए कहा है-

**स्वर्गो धनं वा धान्यं वा विद्या पुत्राः सुखानि च।**
**गुरु वृत्युनुरोधेन न किंचितदपि दुर्लभम्।।**

अर्थात गुरुजनों की सेवा करने से स्वर्ग, धन-धान्य, विद्या, पुत्र, सुख आदि कुछ भी दुर्लभ नहीं है। अतः हमें अपने गुरु को सेवा करनी चाहिए। कहने का अभिपाय यह है कि गुरु की सेवा करने से सबकुछ प्राप्त होता है। गुरु की सेवा करने से देवगण भी प्रसन्न होते हैं तथा परमधाम प्राप्त होता है।

जीवन में गुरु का बहुत ऊंचा स्थान होता है। कोई भी गुरु का ऋण नहीं चुका सकता। प्रत्येक वह व्यक्ति गुरु हो, जो हमें ज्ञान देता है, भले ही वह एक अक्षर का ज्ञान हो।

**एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्।**
**पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्।।**

अर्थात गुरु शिष्य को एक अक्षर भी कहे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जिसे देकर वह गुरु के ऋण में से मुक्त हो सके। संत कबीर ने गुरु को भगवान से भी ऊंचा स्थान दिया है। वह कहते हैं-

**गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।**
**बलिहारी गुरु अपने गोबिन्द दियो बताय।।**

अर्थात गुरु और गोविन्द एक साथ खड़े हों तो किसके पैर स्पर्श करने करना चाहिए, गुरु के अथवा गोविन्द के? ऐसी स्थिति में गुरु के चरणों में शीश झुकाना चाहिए, जिनकी कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु के बिना मनुष्य को न ज्ञान प्राप्त हो सकता है और न ही वह मोक्ष प्राप्त कर सकता है। संत कबीर कहते हैं-

**गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिलै न मोष।**
**गुरु बिन लखै न सत्य को गुरु बिन मिटै न दोष।।**

अर्थात हे सांसरिक प्राणियो। बिना गुरु के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बंधनों में जकड़ा रहता है जब तक उसे गुरु की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले गुरु ही हैं। गुरु के बिना सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता। फिर बिना गुरु के मोक्ष कैसे प्राप्त हो सकता है?

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास भी कहते हैं कि गुरु के बिना कोई भी भवसागर पार नहीं कर सकता-

**गुर बिनु भवनिधि तरइ न कोई।**
**जों बिरंचि संकर सम होई।।**

अर्थात कोई व्यक्ति ब्रह्मा एवं भगवान शंकर के समान ही क्यों न हो, फिर भी वह गुरु के बिना भवसागर पार नहीं कर सकता। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि वह गुरु ही है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट कर देता है-

**बंदउं गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि।**
**महामोह तम पुंज जासु बचन रबिकर निकर।।**

अर्थात गुरु को हरि का रूप माना गया है। हम सदैव अपने गुरु के चरण कमलों की वंदना करते हैं। जिस प्रकार सूर्य के उदय होने से सारा अंधकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार गुरु हमारे मोह-रूपी अंधकार को समाप्त कर देता है। गुरु कौन होता है? 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार एवं 'रु' शब्द का अर्थ है प्रकाश। अर्थात जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाए, वही गुरु है। मनुस्मृति में गुरु की परिभाषा इस प्रकार दी गई है-

**निषेकादिनी कर्माणि यः करोति यथाविधि।**
**सम्भावयति चान्नेन स विप्रो गुरुरुच्यते।।**

अर्थात जो विप्र आदि संस्कारों को यथा विधि करता है एवं अन्न से पोषण करता है वह गुरु कहलाता है। इस परिभाषा के अनुसार पिता प्रथम गुरु है, तत्पश्चात पुरोहित एवं शिक्षक आदि गुरु हैं। मंत्रदाता को भी गुरु कहा जाता है। अर्थात प्रत्येक वह व्यक्ति गुरु कहलाने के योग्य है, जिससे शिक्षा प्राप्त होती है। जो ज्ञान प्रदान करता है तथा बुरे कार्यों से रोकता है वह गुरु है। गुरु सदैव कल्याण चाहता है।

**निवर्तयत्यन्यजनं प्रमादतः**
**स्वयं च निष्पापपथे प्रवर्तते।**
**गुणाति तत्त्वं हितमिच्छुरंगिनाम्**
**शिवार्थिनां यः स गुरु र्निगद्यते।।**

अर्थात जो किसी के भी प्रमाद अर्था मद को करने से रोकते हैं, स्वयं कभी भी निष्पाप पथ पर चलकर दूसरों के लिए हित एवं कल्याण की भावना रखते हैं, उसे तत्वबोध करवाते हैं, उन्हें ही गुरु कहा जाता है। हमारी संस्कृति में गुरु का कार्य केवल अक्षर ज्ञान तक ही सीमित नहीं था। गुरु अपने शिष्य का संरक्षक होता था। शिक्षक के अपने विद्यार्थियों के प्रति अनेक कर्तव्य हैं। जिस प्रकार अच्छी शिक्षा देना शिक्षक का कर्तव्य है, उसी प्रकार अच्छी शिक्षा प्राप्त करना विद्यार्थी का पूर्ण अधिकार है। इसलिए शिक्षक को उस विषय का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए।

## राष्ट्रमंडल खेल जैसी प्रतियोगिता में नहीं खेल पाना निराशाजनक :नवजोत

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर नवजोत कौर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल जैसी बड़ी खेल प्रतियोगिता में नहीं खेल पाना निराशाजनक था। वह कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाई थी। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी बर्मिंघम पहुंचने पर कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थी और उन्हें स्वदेश लौटना पड़ा था। भारत की तरफ से 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी नवजोत ने यहां राष्ट्रीय शिविर से इतर कहा- इस तरह से टीम को छोड़ना बेहद निराशाजनक था। इसे स्वीकार करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने कहा कि मैं इससे पहले कभी किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने से नहीं चूकी थी इसलिए पहली बार अपने करियर में इस तरह की परिस्थिति से पार पाना मेरे लिए आसान नहीं था। नवजोत को नॉटिंघम में अभ्यास शिविर के दौरान किए गए परीक्षण में पॉजिटिव पाया गया था। उन्होंने कहा- मुझे किसी तरह के खास लक्षण नहीं थे और मुझे उम्मीद थी कि मैं टीम के खेल गांव में पहुंचने तक उससे जुड़ जाऊंगी। मेरा प्रत्येक दिन परीक्षण किया गया और दुर्भाग्य से हर दिन परिणाम पॉजिटिव रहा।




## नेशनल मैच में दमखम दिखाएंगे जवाहर नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी

दो दिवसीय संकुल स्तरीय फुटबाल चयन प्रतियोगिता का आयोजन
महाराष्ट्र पुणे में होगा नेशनल मैच, 40 खिलाड़ियों का होगा चयन

**मीरजापुर।** जिले के मड़िहान तहसील अंतर्गत पटेहरा कला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय संकुल स्तरीय फुटबाल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह ने किया। इसमें अमेठी, सुल्तानपुर, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, अंबेडकर नगर, सोनभद्र, प्रयागराज, कौशाम्बी, वाराणसी, चंदौली और मीरजापुर कुल 12 जवाहर नवोदय के बच्चों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच में सभी विद्यालय के दो-दो छात्रों की टीम ए और बी बनाई गई। टीम ए के कप्तान शिवेंद्र टास जीतकर मैदान पर उतरे, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। कप्तान सोनू की टीम बी विजेता रही। रेफरी की भूमिका सतेंद्र ने निभाई तो निर्णायक बलवीर राज और अवधेश सिंह रहे। प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय मीरजापुर से नेशनल मैच के लिए संतोष कुमार लांग जम्प, करन आर्या, आयशा, अर्चना, आरुषी यादव का कबड्डी के लिए चयन किया गया है। दो दिवसीय फुटबाल मैच में कुल 40 बच्चों का चयन किया जाएगा। नेशनल मैच महाराष्ट्र पुणे रीजन के लातूर में होगा। इस दौरान प्राचार्य एनके पांडेय, उमाकांत मिश्र, बेचन सिंह, राजेश कुमार दीक्षित, संदीप शुक्ला, विजय बहादुर पांडेय आदि मौजूद रहे।

## यूएस ओपन के चौथे दौर में डेनियल मेदवेदेव, निक किर्गियोस से होगा सामना

**न्यूयॉर्क।** रूस के स्टार टेनिस खिलाड़ी व गत चैंपियन डेनियल मेदवेदेव ने यूएस ओपन 2022 के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। मेदवेदेव ने पुरुष एकल वर्ग में अपने तीसरे दौर के मैच में चीन के वू यिबिंग को शिकस्त दी। शीर्ष वरीय मेदवेदेव ने यिबिंग के खिलाफ 6-4, 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। यह मैच एक घंटा 55 मिनट तक चला। अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस से होगा। मेदवेदेव, किर्गियोस के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी विश्व नंबर 1 रैंकिंग को बरकरार रखना चाहेंगे और अगर वह किर्गियोस से हार जाते हैं, तो वह अपना विश्व का नंबर एक ताज भी खो देंगे। किर्गियोस के खिलाफ मैच को लेकर मेदवेदेव ने कहा, हमने शानदार मैच खेले हैं। मुझे लगता है कि सभी स्कोरबोर्ड पर काफी तंग हैं। यह उनके लिए 3-1 है लेकिन मैं इस बार बेहतर करने की कोशिश करूंगा और लोगों के लिए यह एक शानदार मैच होगा। किर्गियोस ने अमेरिकी खिलाड़ी जेजे वुल्फ को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया था। किर्गियोस ने यह मैच 6-4, 6-2, 6-3 से जीता था। यह मैच एक घंटा 54 मिनट तक चला।



# पाकिस्तान शान से सुपर-4 में, हांगकांग को 155 रन से हराया

**शारजहा।** शारजहा के मैदान पर आखिरकार लय हासिल करते हुए पाकिस्तान टीम ने हांगकांग को 155 रन से हराकर सुपर-4 में जगह बना ली है। अब 4 सितंबर को पाकिस्तान का अगला मुकाबला भारतीय टीम के साथ होगा। ग्रुप ए के अहम मुकाबले में पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाए थे। जवाब में हांगकांग की टीम महज 38 रन ही पर ऑल आऊट हो गई। पाकिस्तान के लिए यह टी-20 इतिहास की दूसरी बड़ी जीत है। पहले नंबर पर श्रीलंका है जिसने 2008 में केन्या को 172 रनों से हराया था।

**पाकिस्तान (पहली पारी)**

पाकिस्तान के लिए एक बार फिर से ओपिनंग पर आना बाबर आजम को रास नहीं आया। बाबर महज 9 रन बनाकर एहसान खान की गेंद पर आऊट हो गए। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और फखर जमां ने मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाया।

जमां ने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए और पाकिस्तान को दबाव से बाहर निकाल लिया। उन्होंने 41 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। एक छोर संभाले खड़े मोहम्मद रिजवान ने 57 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाए। उन्हें खुशदिल शाह का भरभूर सहयोग मिला। शाह ने 15 गेंदों में पांच छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। हांगकांग की ओर से इहसान खान एकमात्र सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 28 रन देकर पाकिस्तान के दोनों विकेट हासिल किए। इजाज खान महंगे साबित हुए। उन्होंने 3 ओवर में ही 44 रन लुटा दिए।



**हांगकांग (दूसरी पारी)**

जवाब में खेलने उतरी हांगकांग की शुरूआत खराब रही। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह ने शुरूआती ओवरों में ही निजाकत खन और बाबर हयात के विकेट निकाल लिए। दबाव में आई हांगकांग की टीम इसके बाद उभर ही नहीं पाई।

पाकिस्तान के लिए सबसे सफल गेंदबाज शादाब खान रहे। उन्होंने 2.4 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट लिए। इसी तरह मोहम्मद नवाज ने भी 5 रन देकर 3 विकट हासिल किए। हांगकांग की टीम का एक भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया।

प्लेयर ऑफ द मैच बने मोहम्मद रिजवान ने कहा- हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज परिस्थितियों का आकलन करना रहा। हमारी कोशिश थी कि प्रारूप को भुलाकर परिस्थितियों का आकलन करें। पहले 10 ओवर में योजना सीधे बल्ले से खेलने की थी। गेंद नीची रह रही थी। मुख्य खिलाड़ी होने के नाते आपको जिम्मेदारी लेनी होती है। हमें देखना होता है कि टीम आपसे क्या मांगती है। मैंने ऐसा ही किया। पाकिस्तान कप्तान बाबर आजम बोले- यह जीत हमारे लिए बहुत अच्छी है। शुरुआत में हम बल्ले से अपने शॉट नहीं निकाल पा रहे थे। हमारी योजना शीर्ष पर मौजूद बल्लेबाजों को अंत तक ले जाने की थी। हमारे गेंदबाज नसीम और दहानी डेब्यू करने के बाद वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं हांगकांग के कप्तान निजाकत खान ने कहा- इन दो मैचों से बहुत कुछ सीखने को मिला। पाकिस्तान को श्रेय देना चाहिए। उनकी गेंदबाजी लाजवाब थी। हमारा शॉट मेकिंग खराब था।

## प्रशंसकों के लिए एक और 'सुपर संडे', सुपर फोर में भारत और पाकिस्तान आमने सामने

**नई दिल्ली।** एशिया कप में रविवार को एक बार फिर एक और हाई-वोल्टेज मुकाबले में भारत और पाकिस्तान आमने सामने होंगे। भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए सुपर फोर में प्रवेश किया है। भारत ग्रुप ए में दो मैचों में दो जीत और चार अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। जबकि पाकिस्तान दो मैचों में एक जीत और दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

इस टूर्नामेंट में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 147 रनों पर सिमट गई थी। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद रिजवान ने सर्वाधिक 43 रन बनाए थे। भारत की तरफ से हार्दिक पांड्या ने 25 रन देकर 3 और भुवनेश्वर कुमार ने 26 रन देकर 4 विकेट लिया था। 148 रनों का पीछा करते हुए, भारतीय टीम विराट कोहली (35), रवींद्र जडेजा (35) और हार्दिक पांड्या (33 *) के बेहतरीन पारियों की बदौलत दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज़ ने 33 रन देकर 3 और नसीम शाह ने 27 रन देकर 2 विकेट लिया था।




लेकिन अब, इस बार मामला थोड़ा अलग है। दोनों टीमें जीत के साथ अपने सुपर फोर फेज की शुरुआत करना चाहती हैं जिससे एशिया कप फाइनल में उनकी राह आसान हो जाएगी। प्रशंसक यह भी प्रार्थना कर रहे हैं कि दोनों एशियाई दिग्गज आगे जाकर अच्छा प्रदर्शन करें ताकि वे फाइनल में भी दोनों टीमों के बीच मुकाबले का आनंद ले सकें। केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली से युक्त भारतीय शीर्ष क्रम को इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सलामी बल्लेबाज राहुल और रोहित अभी भी सकारात्मक शुरुआत देने और अपने पावरप्ले का अधिकतम लाभ उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रोहित के लिए काम फिर से रनों के बीच जाना होगा जबकि राहुल के लिए यह न केवल स्कोर करने के बारे में होगा, बल्कि एक स्वस्थ स्ट्राइक रेट भी बनाए रखना होगा।

भारतीय मध्य क्रम ने हाल ही में अधिक विश्वसनीयता दिखाई है। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ियों ने जब भी जरूरत पड़ी, कदम बढ़ाए और जिम्मेदारी ली। सूर्यकुमार, हार्दिक, पंत जैसे तेजतर्रार बल्लेबाज पाकिस्तान के एक गुणवत्तापूर्ण हमले के खिलाफ अपने विभिन्न प्रकार के स्ट्रोक दिखाने के लिए उत्सुक होंगे। भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने न केवल महत्वपूर्ण विकेट दिए, बल्कि किफायती गेंदबाजी भी की। हांगकांग के खिलाफ तेज गेंदबाज आवेश खान थोड़े महंगे रहे। आवेश ने चार ओवर में 53 रन दिए, जो चिंता का विषय है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ज्यादा रन लुटाने के बावजूद आवेश को टीम प्रबंधन का समर्थन मिलता है या नहीं।

## यूएस ओपनः हार के साथ सेरेना ने टेनिस को कहा अलविदा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को अपने करियर के आखिरा मैच में हार का सामना करना पड़ा है। सेरेना को यूएस ओपन 2022 में महिला एकल वर्ग के तीसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही उन्होंने टेनिस को अलविदा कह दिया। सेरेना, जो कि 41 साल की होने से कुछ ही हफ्ते दूर हैं और शायद टेनिस की दुनिया की अब तक की सबसे महान महिला खिलाड़ी हैं, अजला के खिलाफ 7-5, 6-7 (4), 6-1 से मैच हार गईं। यह मुकाबला तीन घंटे और 4 मिनट तक चला। सेरेना को अपना 1014 वां व उनके करियर का अंतिम मैच खेलते हुए देखने के लिए आर्थर ऐश स्टेडियम खचाखच भरा था। सेरेना ने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं। उनके पास 73 डब्ल्यूटीए टूर खिताब हैं। सेरेना सर्वाधिक डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। अमेरिका की मार्टिना नवरातिलोवा 167 के खिताब के साथ शीर्ष पर हैं, इसके बाद क्रिस एवर्ट (157), स्टेफनी ग्राफ (107) और कोर्ट (92) हैं। मैच के बाद सेरेना ने यूएस ओपन की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा,मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूं जो यहां हैं, जो इतने सालों, दशकों, तक मेरे साथ रहे हैं। यह सब मेरे माता-पिता के साथ शुरू हुआ। मैं उनकी आभारी हूं। ये खुशी के आंसू हैं, मुझे लगता है अगर मेरी बहन वीनस नहीं होतीं तो मैं सेरेना नहीं होती । धन्यवाद, वीनस। वह एकमात्र कारण हैं जिससे सेरेना कभी अस्तित्व में रही हैं। डब्ल्यूटीए ने एक ट्वीट में कहा, हम आपको कोर्ट पर मिस करने जा रहे हैं। थैंक्यू सेरेना। इरिना स्पिरलिया के खिलाफ 1998 में पदार्पण के बाद यूएस ओपन में यह उनकी एकमात्र तीसरे दौर की हार है।



## अर्जुन की रिनात पर आसधारण जीत , खिताब की ओर बढ़ाए कदम

**दुबई।** 22वे दुबई ओपन इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का छठा दिन भारत के अर्जुन एरिगासी के नाम रहा ,अर्जुन नें पहले बोर्ड पर सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए सबसे आगे एकल बढ़त पर चल रहे कजाकिस्तान के रिनात जुमबाएव को एकतरफा मुक़ाबले मे धराशायी कर दिया । निमजो इंडियन ओपनिंग में अर्जुन का खेल पर नियंत्रण कुछ यूं रहा है की उन्होने अपने दोनों हाथी कुर्बान करते हुए रिनात के राजा की मात सुनिश्चित की । इस खेल को दुनिया भर के विश्लेषको नें दशक के बेहतरीन मुकाबलों में से एक माना है । इस जीत के बाद अर्जुन अब रूस के अलेक्ज़ेंडर प्रेडके के साथ 5.5 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है और अगले राउंड में दोनों के बीच होने वाला मुक़ाबला खिताब के निर्णायक हो सकता है । वहीं पिछ्ले राउंड में हार का सामना करने वाले प्रज्ञानंधा नें छठे राउंड में हमवतन शारदुल गागरे को पराजित करते हुए वापसी की जबकि लगातार तीन ग्रांड मास्टरों को मात देने वाले आयुष शर्मा को रूस के टॉप सीड अलेक्ज़ेंडर प्रेडके से हार का सामना करना पड़ा । प्रज्ञानंधा के साथ ,रिनात ,यूएसए के व्लादिमीर अकोपियन ,भारत के सहज ग्रोवर,अरविंद चितांबरम 5 अंक बनाकर खेल रहे है ।




## कम्पनी ने 4-2 के अंतराल से फुटबॉल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

### एनडीआरएफ फुटबॉल टूर्नामेंट पर डी कम्पनी का कब्जा

**गाजियाबाद।** कमला नेहरू नगर स्थित आठवीं बटालियन एनडीआरएफ में खेली जा रही अंतर कम्पनी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल दिन डी कम्पनी और एडम कम्पनी के बीच जबर्दस्त मुकाबला हुआ।

जिसमें डी मैच के पहले हाफ में उप निरीक्षक हेमंत ने पहला गोल कर एडम कम्पनी को बढ़त दिलाई। यह बढ़त एडम कम्पनी के खिलाड़ी ज्यादा देर कायम नहीं रख पाए और निरीक्षक जयेंद्र विश्नोई के शानदार दो गोल की मदद से 2-1 से डी कम्पनी ने बढ़त बना ली। परंतु पहले हाफ के अंतिम दौर में एडम कम्पनी की ओर से सिपाही सतपाल ने एक शानदार गोल कर मैच को बराबरी पर ला कर रोमांच से भर दिया। मैच के दूसरे हाफ में डी कम्पनी की ओर से सिपाही रविकांत ने दूसरे और 32वें मिनट में दो गोल कर डी कम्पनी को 4-2 से विजय का स्वाद चखा दिया। मैच में दोनों टीमों के गोल कीपर द्वितीय कमान नीरज ठाकुर और सिपाही देवेंद्र ने शानदार प्रदर्शन किया।




टूर्नामेंट में बटालियन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों उप सेनानी आदित्य प्रताप सिंह, दीपक तलवार, राजेंद्र जोशी, नीरज सिंह और सहायक सेनानी नरेन्द्र सिंह ने भाग लेकर टीम भावना और जवानों को खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जिसके लिए बटालियन कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने खूब सराहा।

मैच के समाप्ति उपरांत बटालियन कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। इसके साथ ही शानदार खेल भावना प्रदर्शन के लिए सभी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का बटालियन स्तर पर चयन किया जाएगा और एनडीआरएफ अंतर बटालियन प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट : हरभजन सिंह मणिपाल टाइगर्स व इरफान पठान भीलवाड़ा किंग के बने कप्तान

**नई दिल्ली।** 2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य, हरभजन सिंह लीजेंड्स लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी मणिपाल टाइगर्स के कप्तान होंगे, जबकि पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान भीलवाड़ा किंग टीम की कमान संभालेंगे। पठान की स्विंग और हरभजन के घातक गेंद दूसरा ने जहां सालों से प्रशंसकों को आकर्षित किया है, वहीं क्रिकेट प्रेमियों के लिए अपने पसंदीदा सितारों को एक बार फिर एक्शन में देखने का यह एक शानदार मौका होगा।

417 टेस्ट विकेट लेने वाले हरभजन सिंह ने 103 टेस्ट मैचों और 236 एकदिवसीय मैचों के साथ 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

हरभजन ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में, मुझे टीम की कप्तानी करने का मौका नहीं मिला, लेकिन यह कुछ ऐसा होगा जिसे मैं वास्तव में आगे देख रहा हूँ। मुझे सामने से नेतृत्व करना पसंद है और मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊंगा।




पठान को उनके हरफनमौला कौशल को जाना जाता है, उन्होंने 2007 में आईसीसी टी20 विश्व कप के ऐतिहासिक फाइनल के दौरान मैन ऑफ द मैच जीता था। पठान ने कहा, आप जो कर रहे हैं उसका आनंद लेने की जरूरत है और उस प्रयास को 100फीसदी देना ही मायने रखता है। यह अवसर अद्वितीय है, लेकिन हमें विश्वास है कि हम एक टीम के रूप में कुछ बदलाव करेंगे। रमन ने रहेजा, सीईओ और सह-संस्थापक लीजेंड्स लीग क्रिकेट, ने कहा, हरभजन और इरफान बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं और अब वह कप्तानी भी करते नजर आएंगे। इससे पहले गंभीर और वीरेंद्र सहवाग भी इस लीग से जुड़ चुके हैं, हर मैच जो ये क्रिकेटर खेलने के लिए उतरेंगे, वह 'पैसा वसूल मैच' होगा, देखते रहिए क्योंकि जल्द ही और दिलचस्प घोषणाएं होने वाली हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का आगामी संस्करण चार टीमों का टूर्नामेंट होगा, जिसमें 16 मैच खेले जाएंगे। यह भारत में पहली बार खेला जाएगा और छह अलग-अलग शहरों में इसकी मेजबानी की जाएगी। लीग 16 सितंबर, 2022 को कोलकाता के ईडन गार्डन में शुरू होगी, इसके बाद लखनऊ, नई दिल्ली, कटक और जोधपुर में होगी। प्ले-ऑफ और फाइनल के लिए जगह अभी तय नहीं हुई है।

## हमारा ध्यान 2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों पर : सुरेंदर कुमार

**बेंगलुरु।** बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओडिशा के भुवनेश्वर में 2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स पर भारतीय डिफेंडर सुरेंद्र कुमार ने कहा, हमने बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल मिलाकर अच्छा खेला, मुझे लगता है कि यह और अच्छा होता अगर हम फाइनल में भी जीत हासिल करते। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-7 से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन अब जबकि उक्त चीजें अतीत में है, सुरेंदर और कंपनी फिर से नीली जर्सी पहनने और टीम को जीत की पटरी पर लाने को इच्छुक है सुरेंदर ने कहा, 'हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में कुछ गलतियाँ कीं और हम अपनी योजनाओं को ठीक से क्रियान्वित नहीं कर सके। अब इस कैंप में हम फाइनल में की गई उन गलतियों पर ध्यान देंगे और उन पर काम करने की कोशिश करेंगे ताकि आगे चलकर हम ऐसी गलतियां न करें।' भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अगले एजेंडे में न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ 2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेल होंगे। सुरेंदर ने कहा, 'हम अब न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ 2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग के खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और शिविर में अब अपनी गलतियों को सुधारना होगा ताकि गलतियां दोबारा न हों।

उन्होंने कहा, टीम और कोच एक साथ शिविर में बैठेंगे और वीडियो के साथ चीजों का विश्लेषण करेंगे, जिसके जरिए हम अपनी योजनाओं में सुधार करना चाहते हैं। भारत के लिए 165 मैच खेल चुके सुरेंदर टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे और अगले दौर के खेलों में फिर से उल्लेखनीय योगदान देने की उम्मीद करते हैं।

# विदेश संदेश

## लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर संदिग्ध बैग से मचा हड़कंप, खाली कराया गया टर्मिनल

**लंदन।** लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर एक संदिग्ध बैग मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 खाली कराया गया। बाद में सब कुछ सामान्य मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। दुनिया के व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल लंदन के हीथ्रो हवाई



अड्डे का टर्मिनल-2 स्थानीय समयानुसार सुबह पौने ग्यारह बजे के आसपास अचानक खाली करने का ऐलान किया गया। कुछ ही देर में वहां फ्लाइट्स की उद्घोषणा के स्थान पर सायरन की गूंज सुनाई देने लगी। भारी संख्या में पुलिस की गाड़ियां, एंबुलेंस आदि वहां पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक 10 बजकर 47 मिनट पर उन्हें हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर किसी संदिग्ध बैग के रखे होने की सूचना मिली थी। इस कारण तुरंत हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 को खाली कराने का निर्देश जारी किया गया। किसी अनहोनी की आशंका में कुछ देर के भीतर ही टर्मिनल-2 को खाली करा लिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने उक्त संदिग्ध बैग की पड़ताल की। उस बैग की पड़ताल में सब कुछ सामान्य मिला। माना गया कि कोई यात्री भूलवश हवाई अड्डे पर वह बैग छोड़ गया होगा। बैग में कुछ भी संदिग्ध न मिलने पर पुलिस व हवाई अड्डा प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## शरीफ सरकार को इमरान की चेतावनी, हमारे कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने से बाज आएं, वरना...

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने देश की शहबाज शरीफ सरकार को चेतावनी दी है। खान ने कहा कि वह उनकी पार्टी पीटीआई के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने से बाज आए वरना वे इस्लामाबाद के लिए बड़ा मार्च निकालेंगे। पाकिस्तान के सर्वाधिक आबादी वाले पंजाब प्रांत के गुजरात में एक सभा में इमरान खान ने कहा कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है। यह सिलसिला अप्रैल में उन्हें अविश्वास प्रस्ताव के जरिए प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद से चालू है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने इमरान खान के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। इसमें इमरान ने चेतावनी दी है कि यदि मौजूदा सरकार ने पीटीआई समर्थकों को निशाना बनाना



बंद नहीं किया तो इस्लामाबाद में आजादी मार्च निकाला जाएगा। इमरान ने कहा, 'मैं आज पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को चेतावनी दे रहा हूं, अगर आप राजनीतिक उत्पीड़न करते रहे तो हमारा न्याय आंदोलन इस्लामाबाद कूच करेगा और आपके पास बचने के लिए कुछ नहीं होगा। खान ने हाल ही में अपने करीबी सहयोगी शहबाज गिल सहित पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद यह चेतावनी दी। 69 साल के पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान ने गिल पर कथित रूप से बल प्रयोग करने के लिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि गिल को निर्वस्त्र कर प्रताड़ित किया गया।

## भूकंप प्रभावितों को बीमा कवर देने पर चल रही थी बहस, तभी कांपने लगी धरती, चर्चा छोड़ बाहर भागे सांसद

**वाशिंगटन।** आप भूकंप के बारे में सोच ही रहे हों, तभी झटके महसूस होने लगें...यह किसी के लिए भी खौफनाक मंजर होगा। यूरोपीय देश लिस्टेंस्टीन में ऐसा ही हुआ है। यहां संसद में भूकंप बीमा पर सत्ता और विपक्ष के सांसद बहस कर रहे थे, तभी भूकंप के दो झटकों से धरती कांप उठी। इसके बाद सभी सांसद चर्चा को छोड़कर बाहर भागने लगे। यह घटना गुरुवार दोपहर की है और इसका वीडियो भी सामने आया है।दरअसल, लिस्टेंस्टीन की संसद में नागरिकों को भूकंप बीमा देने पर जोरदार बहस चल रही थी।

# हेरात की गुजरगाह मस्जिद में ब्लास्ट, इमाम मुजीब रहमान अंसारी सहित 18 लोगों की मौत

**हेरात प्रांत।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत की भीड़भाड़ वाली गुजरगाह मस्जिद में नमाज के दौरान धमाका हो गया। इस विस्फोट में प्रमुख मौलवी मुजीब उल-रहमान अंसारी व उसके सुरक्षा गार्डो समेत 18 लोगों की मौत हो गई। हमले की जिम्मेदारी अभी किसी ने नहीं ली है लेकिन मृतक संख्या बढ़ सकती है। हेरात के पुलिस प्रवक्ता मेहमूद रसोली ने बताया कि हमले में 23 लोगों के बुरी तरह घायल होने की आशंका है। मस्जिद पर यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है जब यहां मुस्लिमों का धार्मिक सप्ताह मनाया जा रहा था। मारा गया मौलवी दो दशकों से अफगानिस्तान में पश्चिम समर्थित सरकारों की निंदा करता रहा है और उसे तालिबान का करीबी माना जाता रहा है। तालिबान के प्रमुख प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने उसकी मौत की पुष्टि की है।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस हमले में कई लोग मारे गए हैं लेकिन अभी इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। आमतौर पर देश में आईएस ने जिन हमलों को अंजाम दिया है, उनमें शिया मुसलमानों को निशाना बनाया गया है, लेकिन हेरात मस्जिद सुन्नी मुस्लिमों के लिए जानी जाती है। टोलो न्यूज के मुताबिक गुजरगाह मस्जिद में धमाके के बाद बड़े पैमाने पर तबाही हुई है।



**अस्पताल में खून नहीं डॉक्टरों की संख्या कम**

अफगानिस्तान में टोलो न्यूज के पत्रकार बिलाल सरवरी ने ट्विटर हैंडल से घटना के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि धमाके में बुरी घायल हुए लोगों को खून की जरूरत है और अभी अस्पताल में खून नहीं है। स्थानीय अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या भी बहुत कम है। सोशल मीडिया पर धमाके की तस्वीरों में भी भीषण तबाही दिखाई दे रही है। हेरात के गवर्नर के प्रवक्ता ने बताया कि यह आत्मघाती हमला भी हो सकता है।

**मौजूदा प्रशासन का साथ दे रहा था अंसारी**

हेरात पुलिस प्रवक्ता मेहमूद रसोली ने बताया कि मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना मुजीब उल-रहमान अंसारी और उसके कुछ गार्ड मस्जिद की तरफ जाते हुए मारे गए हैं। टोलो न्यूज के मुताबिक, अंसारी तालिबान का कट्टर समर्थक था और हाल ही में जून माह के अंत में तालिबान द्वारा आयोजित हजारों विद्वानों के एक सभा में उसने मौजूदा प्रशासन की दृढ़ता से तारीफ की थी।

अल-जजीरा मीडिया नेटवर्क ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया है कि इस धमाके में 28 नमाजी मारे गए हैं जबकि 45 लोग घायल हैं। उसने बताया, मृतकों में अंसारी के 4 गार्ड शामिल हैं।

**अब भी कई जगह जारी हैं धमाके**

पिछले साल 15 अगस्त को काबुल पर कब्जा करने के बाद भी देश में कई जगह धमाके जारी हैं। आमतौर पर ये धमाके शिया और अहमदिया समुदाय की मस्जिदों पर हुए हैं। बता दें कि अल्पसंख्यक समूहों के धार्मिक इबादतगाहों पर होने वाले हमलों में आईएस जिम्मेदारी स्वीकारता रहा है। दरअसल, तालिबान के अधिकांश विरोधी कमजोर पड़ चुके हैं लेकिन आईएस अब भी हमले जारी रखे हुए है। हालांकि तालिबान इस पर नियंत्रण के प्रयास में जुटा है।

## 'हमारी नस्ल के हत्यारे' : एक सप्ताह में भारतीयों पर तीसरा नस्लवादी हमला, अब पोलैंड से सामने आया वीडियो

**संयुक्त राज्य।** संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीयों पर हमले रुक नहीं रहे हैं। आए दिन उन पर नस्लवादी टिप्पणी हो रही है। बीते एक सप्ताह में ऐसे तीन मामले सामने आ चुके हैं, जिनके वीडियो भी वायरल हुए हैं। ताजा मामला पोलैंड का है। हालांकि, यहां भी एक अमेरिकी नागरिक एक भारतीय पर नस्लवादी टिप्पणी करता है। इस घटना का वीडियो भी सामने आ चुका है। वीडियो में खुद को अमेरिकी नागरिक बताने वाला शख्स भारतीय से कहता है, तुम परजीवी, हमारी जाति का नरसंहार कर रहे हो। तुम अपने देश वापस क्यों नहीं जाते? हालांकि, वीडियो में दिख रहा भारतीय उसे टालने की कोशिश करता है और पूछता है कि वह वीडियो क्यों बना रहा है? अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि ताजा हमला कब हुआ या दोनों लोगों के बीच किस वजह से बहस हुई। न ही इस मामले की कहीं शिकायत दर्ज कराई गई है।

**पोलैंड केवल पोलिश लोगों के लिए है**

इस वीडियो को बनाने वाला अमेरिकी नागरिक कहता हुआ दिख रहा है कि आप हमारी जाति का नरसंहार कर रहे हैं, आप पोलैंड में क्यों हैं? इसके बाद भारतीय नागरिक



पूछता है कि वह उसकी वीडियो क्यों बना रहा है। इसके जवाब में वह कहता है कि क्योंकि मैं अमेरिका से हूं। आगे कहता है, तुम लोग यहां बहुत ज्यादा हो। तुम अपने देश क्यों नहीं जाते? क्या तुम्हे लगता है कि तुम हमारे पोलैंड पर आक्रमण कर सकते हो? तुम्हारा अपना देश है, वहां क्यों नहीं जाते? यूरोपीय लोग जानना चाहते हैं कि आप गोरे लोगों के देश में क्यों आते हैं? आप परजीवी क्यों हैं? आप हमारी जाति का नरसंहार कर रहे हैं। आप एक आक्रमणकारी हैं। जाओ घर, आक्रमणकारी। हम आपको यूरोप में नहीं चाहते। पोलैंड केवल पोलिश के लिए। आप पोलिश नहीं हैं।

**कैलिफोर्निया से भी सामने आया था ऐसा ही वीडियो**

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया से भी ऐसा ही वीडियो सामने आया था। एक भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति के साथ एक हमवतन ने नस्लीय दुर्व्यवहार किया था। कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में ग्रिमर बुलेवार्ड में टैको बेल में 37 वर्षीय सिंह तेजिंदर ने मौखिक रूप से कृष्णन जयरामन पर हमला किया था। तेजिंदर ने उससे कहा, तुम घृणित हो, तुम घटिया लग रहे हो। इस तरह फिर से किसी के सामने मत आना। तेजिंदर वीडियो में दो बार जयरामन पर थूकते नजर आया। एक जगह तेजिंदर को यह कहते हुए सुना गया- ये भारत नहीं है!

## ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए मतदान समाप्त, सुनक या ट्रस के बीच होगा फैसला



**लंदन।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए जारी चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग खत्म हो गई है। इसी के साथ पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक और विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच जारी चुनावी खींचतान का भी अंत हो गया है। कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों ने अंतिम चरण में अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाले। कजंर्वेटिव पार्टी के प्रचार मुख्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री पद की दौड़ के विजेता की घोषणा सोमवार को दोपहर 12.30 बजे होगी।

42 साल के ऋषि सुनक और 47 साल की लिज ट्रस ने कंजर्वेटिव पार्टी के लगभग 1,60,000 सदस्यों के मत पाने और उन्हें प्रभावित करने के लिए कई बार आमने-सामने की बहस की। भारतीय मूल के सुनक पूर्व मंत्री हैं और उन्होंने बढ़ती मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने की बात कही। विदेश मंत्री ट्रस ने वादा किया कि यदि वह प्रधानमंत्री चुनी जाती हैं तो कार्यभार संभालने के पहले दिन से ही करों में कटौती करने का आदेश जारी करेंगी। सुनक अंतिम दो उम्मीदवार चुनने के लिए पार्टी के सांसदों द्वारा किए गए मतदान में जहां ट्रस से आगे थे, वहीं एक सर्वेक्षण में पार्टी के सदस्यों के मतदान में उनके पिछड़ने की बात कही गई है। हालांकि, सुनक के समर्थकों को उम्मीद है कि सर्वेक्षण सही साबित नहीं होगा क्योंकि 2019 के आम चुनाव में बोरिस जॉनसन भी सर्वेक्षणों के अनुमान के विपरीत देश के प्रधानमंत्री बने थे।

## ताइवान को अमेरिका से मिलेंगे एक अरब डॉलर से ज्यादा के हथियार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद शुरू हुआ चीन और ताइवान-अमेरिका के बीच का तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए ताइवान को एक अरब डॉलर से अधिक की राशि के हथियार देने का फैसला किया है।

चीन की इच्छा के विपरीत अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन ने ताइवान पर दबाव बनाए रखा है। चीन की सेना ने ताइवान सीमा पर डेरा डाल रखा है। ताइवान भी जवाबी तैयारी कर रहा है। अब अमेरिका की ओर आधुनिक हथियारों की खेप मिलने के बाद सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से भी ताइवान मजबूत हो जाएगा। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका की ओर से



ताइवान को 1.09 अरब डॉलर के हथियार बेचे जाएंगे। इनमें 35.5 करोड़ डॉलर की हवा से समुद्र में मार करने वाली हारपून मिसाइलें और 8.5 करोड़ डॉलर की हवा से हवा में मार करने वाली साइडविंडर मिसाइलें शामिल हैं। इसके अलावा 65.5 करोड़ डॉलर कीमत के निगरानी रडार भी ताइवान को बेचे जाएंगे। यह रडार हवाई हमलों के दौरान ताइवान की सतर्कता बढ़ाने में मदद करेंगे।

अमेरिकी प्रशासन ने राष्ट्रपति द्वारा इस हथियार सौदे को मंजूरी दिये जाने के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को भी सूचित कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग का मानना है कि यह हथियार ताइवान के लिए बहुत जरूरी हैं, ताकि वह अपनी रक्षा क्षमताओं को बनाए रख सके। साथ ही अमेरिका ने चीन से ताइवान के खिलाफ अपना सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव खत्म करने तथा ताइवान के साथ सार्थक संवाद करने को भी कहा है।

## देश छोड़कर भागने वाले पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे श्रीलंका लौटे

**कोलंबो।** श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे देश लौट आये हैं। श्रीलंका में आर्थिक संकट के चलते जारी भारी विरोध प्रदर्शन के बाद गोटाबाया जुलाई में देश छोड़कर चले गए थे। पूर्व राष्ट्रपति के स्वदेश लौटने की पुष्टि एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने की। आर्थिक संकट से नाराज प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय और आवास पर धावा बोल दिया था, जिसके बाद गोटाबाया राजपक्षे इस्तीफा देकर देश छोड़कर चले गए थे।

गोटाबाया मालदीव के रास्ते सिंगापुर भाग निकले थे। उन्होंने कुछ समय थाईलैंड में बिताए थे।

उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में आर्थिक संकट अभी भी बरकरार है और सरकार के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन के बाद हालात सुधार के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी है।

## पोलैंड में भारतीय युवक पर नस्ली प्रहार: कहा, जाकर अपने देश में रहो

**वॉरसॉ।** बीते दिनों अमेरिका के कैलिफोर्निया और टेक्सास के बाद अब यूरोपीय देश पोलैंड में भारतीय युवक पर नस्ली प्रहार हुआ है। वहां एक भारतीय युवक की जबरन फिल्म बनाते हुए उसे घेर कर पोलैंड छोड़कर जाने और जाकर अपने देश भारत में रहने की बात कही जा रही है। इस घटना का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। अमेरिका व यूरोप में भारतीयों पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते सप्ताह कैलिफोर्निया में एक भारतीय अमेरिकी कृष्णन जयरामन पर नस्ली हमला हुआ था। इसके बाद टेक्सास में मैक्सिको की एक महिला द्वारा चार भारतीय महिलाओं के खिलाफ नस्ली टिप्पणी करता वीडियो वायरल हुआ था। अब ताजा मामला पोलैंड का है। पोलैंड का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक भारतीय युवक को टहलते देख स्वयं को अमेरिकी नागरिक बताने वाला व्यक्ति भारतीय युवक को परजीवी करार देता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## यूएई के राष्ट्रपति से मिले भारत के विदेश मंत्री, सौंपी मोदी की चिट्ठी

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। भारतीय विदेश मंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिट्ठी सौंपी। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के रिश्ते बेहद मजबूत माने जाते हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर यूएई-भारत संयुक्त समिति के 14वें सत्र और यूएई-भारत सामरिक वार्ता के तीसरे सत्र की बैठकों में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात गए थे। भारत और यूएई के रिश्तों को और मजबूत करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को पत्र लिखकर भारतीय विदेश मंत्री के हाथों भेजा था। भारतीय विदेश मंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति से भेंट कर उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पत्र में भारत और यूएई के बीच साझा हितों को विकसित करने की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया है। यूएई के आधिकारिक मीडिया की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी का पत्र दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने और साझा हितों की पूर्ति के लिए इन्हें विकसित करने की संभावनाएं तलाशने से संबंधित है।

## पुतिन को बड़ा झटका देने की तैयारी में अमेरिका, जी7 देशों के साथ मिलकर बनाई ये योजना

**वाशिंगटन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को आर्थिक मोर्चे पर झटका देने के लिए अमेरिका ने जी7 देशों के साथ मिलकर बड़ी योजना बनाई है। अमेरिका ने कहा है कि हम जी7 देशों द्वारा घोषित रूसी तेल पर मूल्य सीमा लागू करने के फैसले को जल्द लागू कर पुतिन की मनमानी पर रोक लगाएंगे। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव करेन जीन ने कहा कि रूस के तेल पर मूल्य सीमा तय करना एक शक्तिशाली उपकरण है जिससे कि वैश्विक ऊर्जा की कीमतों में कमी आएगी और विश्व स्तर पर उपभोक्ताओं को लाभ होगा। वहीं इससे पहले जी7 के वित्त मंत्रियों ने इसी मुद्दे पर बैठक की और कहा कि हमारे फैसले से यूक्रेन में क्रूर युद्ध को आगे बढ़ाने वाले रूस के राजस्व पर दवाब पड़ेगा।



**कई देशों द्वारा रूस से तेल की खरीदारी के बाद सतर्क हुआ अमेरिका**

दरअसल अमेरिका का मानना है कि भारत समेत कुछ देशों ने रूस से तेल की खरीद बढ़ा दी है और इसी को देखते हुए वह रूस से आने वाले तेल के दामों की सीमा तय करना चाहता है। इस फैसले से जहां रूस के राजस्व के ऊपर बोझ बढ़ेगा तो वहीं वैश्विक स्तर पर उपभोक्ताओं को फायदा होगा। इसके अलावा अमेरिका त-7 देशों की आड़ में तेल के निर्यात में दुनिया में बादशाहत हासिल करना चाहता है।

**जी7 देशों ने कहा हमलोग अपने फैसले पर अडिग**

वहीं जी7 देशों ने कहा कि वह इस फैसले को मूर्त रूप देने के लिए व्यापक गठबंधन की दिशा में काम कर रहा था। लेकिन फ्रांस में अधिकारियों ने रूकने का आग्रह करते हुए कहा कि अंतिम' निर्णय केवल तभी लिया जा सकता है जब यूरोपीय संघ के सभी 27 सदस्यों ने अपनी सहमति दे दी हो। हालांकि हमलोग अपने फैसले पर दृढ़ हैं। बता दें कि जी7 में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं।

**रूस के खिलाफ अमेरिका को भारत के साथ की उम्मीद**

बता दें कि कुछ दिन पहले भारत दौरे पर आए अमेरिका के उप वित्त मंत्री वैली अडेयेमो ने कहा था कि दामों की सीमा तय करने को लेकर एकसाथ आने के बारे में भारतीय अधिकारियों और नीति निर्माताओं से मेरी बात हुई है और उन्होंने इस विषय में गहरी दिलचस्पी भी दिखाई है। यह उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कीमतों को कम करने के भारत के उद्देश्य के अनुरूप है। हम उन्हें इस बारे में सूचनाएं दे रहे हैं और इस विषय पर संवाद जारी रहेगा।

## नासा की तैयारी: आज फिर होगी आर्टेमिस-1 को चंद्रमा तक भेजने की कोशिश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने 'मेगा मून रॉकेट' आर्टेमिस-1 का प्रक्षेपण कर उसे चंद्रमा तक भेजने की एक और कोशिश शनिवार को करेगी। इसके लिए नासा ने फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का 'मेगा मून रॉकेट' आर्टेमिस-1 बीते सोमवार को प्रक्षेपण के लिए पूरी तरह तैयार कर लिया गया था। प्रक्षेपण स्थल पर आकाशीय बिजली गिरने के बावजूद नासा के वैज्ञानिक इस रॉकेट को भेजने की तैयारी में जुटे थे। 98 मीटर का यह प्रक्षेपण यान नासा का अब तक का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। यह नासा के 'अपोलो' अभियान के करीब आधी सदी बाद चंद्रमा की कक्षा में एक खाली 'क्रू कैप्सूल' भेजने की तैयारी में था। नासा के इस राकेट की लांचिंग फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर के लांच पैड 39बी से सुबह 8:33 बजे (भारतीय समयानुसार शाम छह बजे) की जानी थी। इस बाबत तैयारी चल ही रही थी, तभी वैज्ञानिकों को ईंधन का रिसाव व रॉकेट में दरार दिखाई दी। रॉकेट में ईंधन के तौर पर सुपर-कोल्ड हाइड्रोजन और ऑक्सीजन भरा जाता है लेकिन लीक की वजह से ये काम रोक दिया गया। बीते पांच दिनों में नासा ने एक बार फिर आर्टेमिस-1 को चंद्रमा तक भेजने की तैयारी कर ली है।

फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर में नासा की टीम ने शनिवार को 'मेगा मून रॉकेट' के सफल प्रक्षेपण की दूसरी कोशिश करने की पूरी तैयारी कर ली है। 32 मंजिला स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट और उसका ओरियन कैप्सूल भारतीय समयानुसार रात 11.47 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरेगा। छह सप्ताह की यह परीक्षण उड़ान सफल रही तो अंतरिक्ष यात्री कुछ वर्षों में चांद की यात्रा फिर शुरू कर सकते हैं।